हरिभूमि
# रायपुर भूमि




## मानसून पूर्व राजधानी में झमाझम गर्मी से मिली थोड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिनभर चिपचिपाने वाली गर्मी के परेशान करने के बाद राजधानी में देर शाम जमकर बारिश हुई। बारिश से डगनिया, सिविल लाइन समेत कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। अभी छत्तीसगढ़ में मानसून ने दस्तक नहीं दी है। अलबत्ता मानसून पूर्व बारिश की शुरुआत हो चुकी है। बुधवार को भी शहर में अच्छी बारिश दर्ज हुई थी। आज भी बादल जमकर बरसे। बारिश का दायरा काफी ज्यादा था। रायपुर, धमतरी, महासमुंद, धमधा, दुर्ग में बादल बरसे। दूसरी ओर, बिलासपुर संभाग में एक ही दिन में पारा 4 डिग्री तक बढ़ गया। बिलासपुर 41.6 डिग्री के साथ सर्वाधिक गर्म रहा।



### *39 भेड़ व एक बकरे की मौत*

*धमतरी जिले में बिजली गिरने की घटना बुधवार देर रात की है। इससे 40 पशुओं की मौत हो गई। यह हादसा बुधवार देर रात तेज गरज-चमक के साथ हुई बारिश के दौरान हुआ। मामला मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली का है। मृतकों में 39 भेड़ें और एक बकरा शामिल हैं। पशुपालक को लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है।*

### *आज भी आसार*

*वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा हरनोई, सोलापुर, हैदराबाद, भद्राचलम, कोरापुट, फुलबनी, रांची जमुई, मुजफ्फरपुर है। सीजनल द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर पंजाब से बिहार तक स्थित है। एक द्रोणिका पूर्वी विदर्भ से तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में शुक्रवार को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की आशंका भी जताई गई है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।*




## खबर संक्षेप

### नाबालिग को बेटी बताकर गांजा तस्करी, तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने इंटरस्टेट बस टर्मिनल से एक नाबाविग सहित हरियाणा के तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 किलो गांजा जब्त किया है। तस्कर नाबालिग को बेटी बनाकर पारिवारिक टूर के बहाने गांजा तस्करी कर हरियाणा ले जाने की फिराक में थे। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने हरियाणा के पलवल निवासी हंसराज, सोनिया गुर्जर उर्फ सोनू तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने नीलकंठेश्वर मंदिर के पास गांजा जब्ती की है।

### नार्थ जोन में चलाया मुसाफिर जांच अभियान

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के नार्थ जोन के डीसीपी मयंक गुर्जर के निर्देश पर खमतराई, उरला, गुढ़ियारी, पंडरी तथा खम्हारडीह थाना क्षेत्र के टीआई एवं उनके स्टाफ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत व्यापक मुसाफिर चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई। पुलिस टीम द्वारा बाहरी घुमंतू व्यक्तियों, डेरे एवं अस्थायी रूप से निवास कर रहे लोगों की चेकिंग की गई। साथ ही बाहरी गिरोहों एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में आवश्यक पूछताछ एवं सत्यापन की कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान बाहरी व्यक्तियों से क्षेत्र में आने का कारण, अन्य राज्यों एवं जिलों में उनके आवागमन एवं संभावित आपराधिक संलिप्तता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

*एक माह में दोपहिया सहित चोरी के अन्य 90 प्रकरण दर्ज*

## कहां हैं बीट प्रभारी...शहर में हर दिन तीन चोरियां, निशाने पर आउटर

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चोर-पुलिस के खेल में चोर एक बार फिर पुलिस पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने राजधानी के ग्रामीण थाना को अलग कर राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट लागू की गई है। पुलिस कमिश्नरेट प्रथा लागू होने के बाद पुलिसिंग में जरूर बदलाव देखा गया है, बावजूद इसके बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। खासकर पुलिस कमिश्नरेट तथा ग्रामीण थाना क्षेत्र के कॉरिडोर में बदमाश ज्यादा सक्रिय हैं। चोरी की घटनाओं पर नजर डालें, तो चोरों ने पिछले महीने 18 मई से 17 जून के बीच पुलिस कमिश्नरेट के डेढ़ दर्जन थाना क्षेत्र में अपनी उपस्थिति ⏭ शेष पेज 11 पर

### हर थाना क्षेत्र में तीन पाइंट में गश्त

हर थाना क्षेत्र में पुलिस के तीन पाइंट में गश्त लगाने के निर्देश हैं। रात 10 बजे के बाद पुलिस की गश्ती शुरू होती है। इसके साथ ही सप्ताह में तीन से चार दिन एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम पूरे शहर में गश्त कर रही है। बावजूद इसके चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही। बीट प्रभारियों को स्थानीय लोगों से संपर्क ⏭ शेष पेज 11 पर

### औसतन हर दिन हो रही तीन चोरियां




### सात लाख रुपए चोरी का नहीं मिला सुराग

आमानाका थाना क्षेत्र के सरोना स्थित कंपोजिट अंग्रेजी शराब दुकान में पिछले दिनों सात लाख रुपए चोरी की घटना को अब तक पुलिस सुलझा नहीं पाई है। इसका प्रमुख कारण चोर चोरी करने के बाद शराब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर ले गए। इससे साबित होता है कि अब केवल सीसीटीवी कैमरों से पुलिसिंग हो रही है। मैन्युअल पुलिसिंग पहले की तुलना में कमजोर हुई है। इस कारण पुलिस शराब दुकान में चोरी की घटना को अब तक नहीं सुलझा पाई है।

### एक माह में अलग-अलग थाना क्षेत्र में चोरी का रिपोर्ट कार्ड

- आजाद चौक - 03
- उरला - 04
- आमानाका - 04
- सिविल लाइंस - 04
- टिकरापारा - 11
- देवेंद्र नगर - 06
- डीडीनगर - 09
- गोल बाजार -02
- गुढ़ियारी - 04
- खमतराई - 06
- मौदहापारा - 03
- पुरानी बस्ती - 06
- पंडरी - 03
- कोतवाली - 02
- सरस्वती नगर -02
- तेलीबांधा - 07
- खम्हारडीह - 06

### टेंडर के बदले रिश्वत

## नगरीय प्रशासन विकास विभाग का तत्कालीन चीफ इंजीनियर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

> एसीबी, ईओडब्लू ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश के आठ स्थानों पर की छापे की कार्रवाई, भागीरथ वर्मा को किया गिरफ्तार

> वर्ष 2019 से 2023 के बीच वर्मा पर अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप



नगरीय प्रशासन, विकास विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर को एसीबी, ईओडब्लू की टीम ने टेंडर के बदले रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को जांच एजेंसी ने गुरुवार को स्पेशल कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 27 तारीख तक पुलिस रिमांड हासिल की है। आरोप है कि गिरफ्तार चीफ इंजीनियर ने वर्ष 2019 से 2023 तक अपने पद रहते हुए पद का दुरुपयोग कर टेंडर दिलवाने के बदले रिश्वत ली थी।

एसीबी, ईओडब्लू ने नगरीय प्रशासन, विकास विभाग के तत्कालीन मुख्य अभियांता भागीरथ वर्मा को बुधवार को गिरफ्तार किया है। भागीरथ वर्मा को गिरफ्तार करने एसीबी, ईओडब्लू ने रायपुर, बिलासपुर में छह तथा मध्यप्रदेश, उज्जैन के दो ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की, इसके बाद उसकी गिरफ्तारी संभव हो पाई। जांच एजेंसी के दावों के मुताबिक प्रकरण से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज, अवैध रकम से अर्जित की गई करोड़ों रुपए की संपत्ति संबंधी दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जब्त किए गए हैं। ⏭ शेष पेज 11 पर

## हाय गर्मी...शेड में होगी परीक्षार्थियों की जांच

### लड़कियों के लिए पृथक व्यवस्था




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

21 जून को दोबारा आयोजित होने वाले मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां कड़ी कर दी गई हैं। जून में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि सभी केंद्रों में शेड की व्यवस्था की जाए, ताकि छात्रों को जांच के दौरान धूप में खड़ा ना होना पड़े। कलेक्टर ने गुरुवार को जिले के 6 परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं की जांच की। बीपी पुजारी शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल राजा तालाब, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मोवा, स्वामी आत्मानंद विद्यालय शहीद स्मारक, शासकीय निवेदिता स्कूल गुरुनानक चौक, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डब्ल्यूआरएस तथा भनपुरी ⏭ शेष पेज 11 पर

### अभिभावकों का भी रखा जाएगा ख्याल

सभी परीक्षा केंद्रों में स्ट्रॉन्ग रूम, जनरेटर, बायोमेट्रिक सत्यापन, वीडियोग्राफी, पेयजल, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही है। केंद्रों में परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा, अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग शेड के भीतर कराई जाए ताकि उन्हें धूप या बारिश से परेशानी न हो। उन्होंने पुलिस द्वारा एडमिट कार्ड और ⏭ शेष पेज 11 पर

## सामूहिक अवकाश लेकर निगम कर्मचारियों का दफ्तर के बाहर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर गुरुवार को गांधी सदन के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। 9 सूत्रीय मांगों को लेकर लामबंद कर्मचारियों ने रैली निकाली और अपनी लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। नगर पालिक निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के आव्हान पर निगम मुख्यालय और सभी जोन से जुटे कर्मचारी, अधिकारियों ने अपने लंबित मांगों के प्रति निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने जमकर नारेबाजी की। ⏭ शेष पेज 11 पर

### *समर्थन देने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी*

*नगर पालिक निगम के अधिकारी, कर्मचारियों की एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल का समर्थन देने नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी गांधी सदन पहुंचे। उन्होंने निगम अधिकारियों व कर्मचारियों के मांगों को जायज बताते हुए उसे जल्द पूरा कराने की मांग की। इस मौके पर* ⏭ शेष पेज 11 पर




### 22 जून से 3 जुलाई तक 7 मेमू पैसेंजर ट्रेनें रद्द

## यात्रियों को राहत देने कोरबा-बिलासपुर के बीच पैसेंजर बनकर चलेगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत जांजगीर-नैला स्टेशन पर अप ग्रिड में ऑटो सिग्नलिंग और चौथी लाइन कनेक्टिविटी का कार्य किया जाना है। इस नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 22 जून 2026 से 5 जुलाई 2026 तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार, बिलासपुर-चांपा चौथी लाइन परियोजना के तहत हो रहे इस महत्वपूर्ण ⏭ शेष पेज 11 पर

> चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कारण प्रभावित रहेगा रेल यातायात, रायपुर, रायगढ़ और गेवरा रूट की मेमू रद्द



### ये पैसेंजर और मेमू ट्रेनें रहेंगी पूरी तरह रद्द

कार्य के दौरान अलग-अलग तिथियों में कई लोकल ट्रेनों का परिचालन ठप रहेगा। 22 जून से 03 जुलाई 2026 तक रायगढ़ और बिलासपुर के बीच चलने वाली रायगढ़-बिलासपुर-रायगढ़ मेमू (68737/68738), बिलासपुर और गेवरा रोड के बीच चलने वाली बिलासपुर-गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू (68734/68733) तथा बिलासपुर और कोरबा के बीच चलने वाली बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू ⏭ शेष पेज 11 पर

### बीच रास्ते में समाप्त होने वाली और देर से चलने वाली ट्रेनें

कुछ ट्रेनों के मार्ग को बीच में ही सीमित कर दिया गया है। गोंदिया से चलकर झारसुगुड़ा जाने वाली मेमू पैसेंजर (68861) 22 जून से 03 जुलाई तक केवल बिलासपुर स्टेशन तक ही जाएगी और बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी। वहीं, वापसी में झारसुगुड़ा से गोंदिया जाने वाली पैसेंजर (68862) इसी अवधि में झारसुगुड़ा के ⏭ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### फर्जी पट्टा मामले में कांग्रेस का आज धरना

**कूंरा।** धरसीवा की कुरा नगर पंचायत में कथित भ्रष्टाचार और फर्जी पट्टा वितरण के आरोपों को लेकर कांग्रेस 19 जून को बड़ा धरना-प्रदर्शन करने जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भाजपा जनप्रतिनिधियों पर शासकीय पट्टों में अनियमितता और पात्र हितग्राहियों के अधिकार छीनने का आरोप लगाया है।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष वर्मा ने बताया कि भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में नगर पंचायत कुरा क्षेत्र के ग्रामीणों को शासकीय पट्टे वितरित किए गए थे। उस समय नगर पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस के ढालेंद्र वर्मा थे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार आने के बाद कुछ जनप्रतिनिधियों ने पुराने पट्टों में नाम परिवर्तन कर अपने चहेते लोगों को फर्जी तरीके से पट्टे वितरित कर दिए। कांग्रेस का कहना है कि इस कथित हेराफेरी के कारण कई पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हो गए। पार्टी ने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा फर्जी पट्टों को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। 19 जून को होने वाले धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

### छट्ठी में युवक पर चाकू से हमला, मामला दर्ज

**अभनपुर।** सेक्टर-25 सावरा मोहल्ला राखी नवा रायपुर मे एक छट्ठी कार्यक्रम के दौरान युवक के साथ चाकूनुमा वस्तु से हमला कर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर दो आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज की है। मिली जानकारी के अनुसार खपरी निवासी कांटाफूल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका पुत्र शिवा ध्रुव 16 जून को सेक्टर-25 राखी में आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रात लगभग 8:45 बजे सूचना मिली कि शिवा ध्रुव के साथ दो युवकों ने मारपीट की है। शिकायत के अनुसार शिवा ध्रुव डीजे के पास खड़ा था, तभी मोहल्ले के मोहन एवं भोला वहां पहुंचे और उसे बाहर चलने के लिए कहा। मना करने पर दोनों ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। आरोप है कि इसी दौरान मोहन ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखी नुकीली चाकूनुमा वस्तु से हमला कर दिया, जिससे शिवा के बाएं पैर और बाईं आंख के पास चोट आई तथा खून निकलने लगा। घायल युवक को उपचार के लिए पहले राखी अस्पताल और बाद में मेकाहारा ले जाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 351(2) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### पालिका अध्यक्ष की शिकायतों पर हुआ सीएमओ का तबादला

**आरंग।** नगर पालिका परिषद आरंग के सीएमओ शीतल चन्द्रवंशी का अंततः स्थानान्तरण हो ही गया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन के शिकायतों और कड़े रुख के बाद शासन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) शीतल चंद्रवंशी को आरंग से हटा दिया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से चांपा (जांजगीर-चांपा) स्थानांतरित किया गया है।उनके स्थान पर चांपा के सीएमओ रामसंजीवन सोनवानी आरंग नगर पालिका का प्रभार सम्हालेंगे। मंत्री के दिशा-निर्देशों की भी अवहेलना की आपको बता दे की सीएमओ की प्रशासनिक मनमानी, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आचरण अधिनियम के विरुद्ध कार्य करने, नगर पालिका परिषद को पूरी तरह से अंधेरे में रखकर और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर फैसले लिए जाने, शहर में पैर पसार रहे अवैध प्लाटिंग के कारोबार को प्रशासनिक शह देने, परिषद को बिना कोई जानकारी दिए और बिना किसी सहमति के नियमों को ताक पर रखकर अवैध प्लाटिंग के मामलों में धड़ल्ले से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जारी करने तथा सुशासन शिविर के दौरान खुद केबिनेट मंत्री के द्वारा दिए गए कड़े दिशा-निर्देशों और आदेशों की अवहेलना तथा गौ संवर्धन एवं संरक्षण के मामले में लापरवाही किये जाने की कड़ी शिकायत अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन द्वारा उच्च स्तर पर दर्ज कराई गई थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए शासन ने यह कदम उठाते हुए साफ संदेश दे दिया है कि जनहित और परिषद की गरिमा से ऊपर कोई नहीं है। अध्यक्ष डॉ संदीप ने मीडिया से चर्चा करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि आरंग की जनता ने हमें पारदर्शिता और शहर के सुनियोजित विकास की जिम्मेदारी सौंपी है। जब अधिकारी शासकीय आदेशों को ठेंगा दिखाने लगें और पद का दुरुपयोग कर मनमानी पर उतारू हो जाएं, तो ऐसी स्थिति में चुप बैठना जनता के साथ विश्वासघात होता है। सीएमओ के हटने और चांपा तबादले के खबर के बाद से आरंग नगर पालिका के गलियारों में हड़कंप का माहौल देखा जा रहा है।

# कलाकार धर्म, संस्कृति कला और परम्परा के सच्चे संवाहक : खुशवंत गुरु

## 200 कलाकारों ने 10 सूत्रीय समस्याओं पर मंत्री से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

प्रदेश भर के 200 वरिष्ठ संस्था संचालक कलाकारों ने अपने प्रदेश अध्यक्ष डॉ हृदय प्रकाश अनंत के नेतृत्व मे छ्ग शासन केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से अपनी विभिन्न 10 सूत्रीय समस्या के लेकर मार्गदर्शन बैठक कर चर्चा किया, इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि कलाकार धर्म कलासंस्कृति परम्परा के सच्चे संवाहक, सरक्षक, समाजीक चिंतक व समाज सुधारक हैं, कलाकारों ने सदा गुरु के विचार संदेश, प्रदेश के कला संस्कृति मान सम्मान को देश विदेश तक आगे बढ़ाया हैं,गुरु परिवार सदा कलाकारों के साथ हैं सतनाम समाज गुरु प्रधान व गुरु मुखी समाज हैं,समाज मे पूर्ववत गुरुओं के द्वारा जो सामाजिक व्यवस्था, रीती नीति परम्परा, संस्कृति सभ्यता, स्थापित किया गया हैं उसका सम्मान व प्रतिपालन उचित रुप से होता रहना चाहिए, समाज के धर्म गुरु के सानिध्य एवं सहमति मे जो रीती नीति बनेगी वही समाज मे सर्वमान्य होता हैं, किसी एक व्यक्ति या एक संगठन के द्वारा पारित निर्णय उचित नहीं होता, आगे जो भी होगा समाज के धर्म गुरु के आदेश निर्देश पर ही होगा, गुरुघासीदास जयंती को पर्व के रूप मे हमारे पुरखा ने अच्छी सोच विचार के साथ स्थापित किया हैं, जयंती पर्व सामाजिक जागृति और सामाजिक संदेश गुरु संदेश को आगे बढ़ाने का प्रमुख केंद्र बिन्दु हैं, जो आवश्यक सुधार के साथ सतत रूप से चलता रहेगा बैठक का शुभारम्भ सतनाम परम्परा के अनुसार गुरु वंदना, गुरु आरती से उपस्थित सभी 200 कलाकारों ने एक साथ किया,,बैठक मे प्रदेश भर के सभी नामी गिरामी लगभग 200 वरिष्ठ कलाकारों के उपस्थिति रही,संगठन अध्यक्ष के द्वारा रखें गये सभी 10 बिंदुओं पर गुरु खुशवंत साहेब ने सहमति व्यक्त कर जल्द से जल्द उचित निराकरण करने कि बात कही, बैठक मे गुरु सौरभ साहेब ने भी मार्गदर्शन आशीर्वचन दिया।



### उपस्थित कलाकार

उपस्थित सभी कलाकारों ने गुरु के मार्ग दर्शन में सदैव चलने का निर्णय लिया बैठक मे प्रमुख रूप से पद्मश्री उषा बारले शिवा जांगड़े द्वारिका बर्मन भगतगुलेरी चन्दन बांधे दिलीप नवरत्न वीरेन्द चतुरवेदी अमित कमल कोशले रामबिलास खूंटे शशि सतनामी हेमलाल चतुरवेदी मनोज ऑडिल दिलीप डहरिया,राजेंद्र मिलन रंगीला सनम टंडन,कृष्णा रात्रे राम अवतार मयारू संजय नारंग सहित सभी कलाकारों की उपस्थिति रही।

## मढ़ी में गौरी गणेश कंपनी के विस्तार की जनसुनवाई में 300 जवानों की तैनाती

# मढ़ी में कंपनी विस्तार की जनसुनवाई में भारी विरोध, झूठे वादों पर ग्रामीण बिफरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

- खपरी, जंजगीरा, नकटी, सोनतरा, रायखेड़ा, गैतरा के हजारों ग्रामीण पहुंचे

धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मढ़ी में संचालित गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के विस्तार के लिए गुरुवार को मढ़ी में आयोजित पर्यावरणीय लोकसुनवाई का भारी विरोध हुआ। सुरक्षा के लिहाज से मौके पर 300 जवानों की तैनाती की गई थी। फैक्ट्री के धुल, धुएं और प्रदूषण से त्रस्त दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने कंपनी के विस्तारीकरण का पुरजोर विरोध किया और किसी भी शर्त पर कंपनी नहीं खुलने देने की बात कही। चार साल पूर्व पहले यूनिट की जनसुनवाई के समय कंपनी द्वारा किए झूठे वादों और खोखले दावों पर उस समय भी ग्रामीणों ने कंपनी का भारी विरोध किया था। इसके बावजूद स्वीकृति मिल गई थी। इस बीच अफसरों ने जनसुनवाई की औपचारिकता पूरी की जिसका जनता ने विरोध किया।

जनसुनवाई में 9 बजे से ही भारी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए थे।कंपनी की ओर से वहां के अधिकारी ने विस्तार को क्षेत्र में विकास के नए आयाम खुलने साथ ही लोगों को नौकरियां मिलने की संभावनाएं और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होने की बात कहते हुए प्रस्तावित नई इकाई के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। बाद जैसे ही मंच से अधिकारियों ने विचार रखने आमंत्रित किया ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और नारेबाजी शुरू हो गए। जनसुनवाई के दौरान भारी संख्या में पहुंचे महिला-पुरूषों ने बारी-बारी अपनी बात रखी और कंपनी का पूर्ण विरोध करते हुए कहा कि- 'किसी भी कीमत पर कंपनी नहीं चाहिए की बात कही।



### दण्डवत प्रणाम करके विरोध जताया

*जनपद सदस्य प्रकाश सगरवंशी ने अधिकारियों को दस मिनट के लिए स्कूल चलने का निवेदन कर दंडवत प्रणाम कर विरोध जताया और कहा कि, कंपनी से बिल्कुल सटे शासकीय स्कूल है, जहां बच्चे कंपनी के चलते ठीक से पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं। यहीं पर धार्मिक स्थल मां बंजारी धाम है, जहां की मंदिरों में उद्योग की काली परत जमकर चमक को फीकी कर रही है, लोगों की भीड़ भी कम हो गई है। प्रदूषण से उद्यान विभाग की शासकीय संजय निकुंज के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है। पौधे विकसित होने के बजाय नष्ट हो रहे हैं। इधर, भारी विरोध के बीच जनसुनवाई चलती रही। जनसुनवाई में कुछ सफेदपोश छुटभैये नेताओं का नदारद रहना भी चर्चा का विषय रहा। जनसुनवाई में मढ़ी, खपरी, जंजगीरा, नकटी, सोनतरा, रायखेड़ा, गैतरा आदि दर्जनों प्रभावित गांवों के लोग उपस्थित रहे।*

### उद्योग अभी सीएस आर फंड के दायरे में नहीं आता

वही कंपनी प्रबंधन की ओर से एस जी मिश्रा ने कहा कि उद्योग अभी सीएस आर फंड के दायरे में नहीं आता इसके बावजूद मढ़ी गाँव के विकास के लिए कई कार्य कर रहे है । उन्होंने कहा कि लगभग एक करोड़ की लागत से 21 एकड़ के तालाब की सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया । इसके अलावा शीतला मंदिर के जीर्णोद्धार पर भी 45 लाख एवं स्कूल के कार्य सहित पंचायत के कार्य भी किए गए है । इनके अलावा ग्रामीण द्वारा सड़कों की खराब स्थिति पर भारी वाहनों की आवागमन से होने वाले परेशानी का मुद्दा भी उठाया गया जिस पर कंपनी प्रबंधन ने कहा की सड़क का उपयोग क्षेत्र के कई उद्योग द्वारा किया जा रहा है

### 300 जवान तैनात थे

सीएपी माना लंबोदर पटेल ने बताया कि ग्राम मढ़ी स्थित गौरी गणेश कंपनी की जन सुनवाई को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने तथा किसी भी प्रकार से अव्यवस्था को रोकने के लिए व्यापक पुलिस व्यवस्था की गई थी जिसके लिए लगभग 300 पुलिस जवानों की तैनाती किया गया था जिससे ग्रामीण ग्रामीण अपना पक्ष एवं कंपनी के विरोध में निर्भीक होकर अपनी बातें रखे और शांति पूर्ण ढंग से जनसुनवाई हुए ।

## जिला कांग्रेस अध्यक्षों का 20 से प्रशिक्षण शिविर



**अभनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के नव-निर्वाचित जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों का 20 से 29 जून तक 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर चंडी मोड़ के स्थित अग्रवाल मंगल भवन मे तैयारियो का जायजा लेने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज,प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंग गेंदू के साथ प्रदेश सचिव प्रवीण साहू सहित पीसीसी के पदाधिकारियो ने प्रशिक्षण शिविर के तैयारियो के संबंध मे बारीकी से अध्ययन किया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने परीक्षण शिविर मे आने वाले प्रतिनिधियो के आवास,भोजन,बैठक व्यवस्था ,सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओ की समीक्षा करते हुये संबंधित पदाधिकारियो को दिशा निर्देश दिये। श्री बैज ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर मे लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का शामिल होने का समय 21 जून निर्धारित है तथा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षो को कांग्रेस की विचारधारा संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा जन सरोकार से जुड़े विषयो पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया जायेगा। इस दौरान स्थानीय स्तर के जनप्रतिनिधि ब्लॉक अध्यक्ष भोला सोनवानी जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू,नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,पार्षद रानू राठी,नीलकमल गिलहरे आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# आयुष स्वास्थ्य मेले में 428 मरीजों की निःशुल्क जांच और हुआ उपचार

**कूंरा।** जिला आयुष अधिकारी (जिला रायपुर, छत्तीसगढ़) डॉ. स्वाति रावत के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय प्रथम आयुष स्वास्थ्य मेले का भव्य आयोजन हुआ। यह शिविर विकासखंड धरसींवा के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला, धरसींवा भाठा प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वन्तरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत धरसींवा के सरपंच साहिल खान जी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद याकूब ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भूतपूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय अग्रवाल कुंरा, जनपद पंचायत धरसींवा के -सभापति के प्रतिनिधि अश्वनी वर्मा सहित ग्राम पंचायत धरसींवा के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शिविर प्रभारी डॉ. रमेश कुमार रातड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि इस एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में कुल 428 मरीजों की निःशुल्क जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। उपचार पद्धतियों के आधार पर मरीजों का विवरण इस प्रकार है आयुर्वेद पद्धति 273 मरीज,होम्योपैथी पद्धति 71 मरीज, यूनानी चिकित्सा पद्धति 69 मरीज शामिल है। शिविर के दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉ. स्वाति रावत द्वारा उपस्थित किशोरी बालिकाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के संबंध में महत्वपूर्ण परामर्श दिया गया। इसके अलावा, ग्रामीणों को औषधीय पौधों की पहचान कराने तथा घरेलू उपचार में उनके सही प्रयोग की जानकारी देने के लिए एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। शिविर में आए लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य संबंधी ब्रोशर और पाम्पलेट का वितरण भी किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. रमेश कुमार रातड़े ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में डॉ. सीमा शुक्ला, डॉ. भूपेन्द्र जांगड़े, डॉ. स्वाति अग्रवाल, डॉ. पुरुषोत्तम सागर, डॉ. सोनल शर्मा और डॉ. सविता साहू ने अपनी महत्वपूर्ण चिकित्सीय सेवाएं दीं। इसके साथ ही लिलार राम कंवर, धिग्गेश्वरी साहू, सरोज यादव, अश्वनी कुमार ध्रुव, ललिता साहू एवं रामदयाल वर्मा सहित स्थानीय ग्रामीणों और मितानिनों का विशेष व सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।



### 315 लोगों को आयुष काढ़ा का वितरण

सामान्य ओपीडी के अलावा शिविर में विभिन्न प्रकार की आवश्यक पैथोलॉजी और अन्य जांचें भी की गईं, जिनमें शामिल हैं बीपी (रक्तचाप) जांच 207, शुगर (मधुमेह) जांच 43, हीमोग्लोबिन जांच 39, नेत्र जांच 15 लोग शामिल है। इसके साथ ही, मौसमी बीमारियों से बचाव और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए 315 लोगों को आयुष काढ़ा का वितरण किया गया।

## मोदी की उपलबधियों पर पंजीयन शिविर 20 तक

**अभनपुर।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से अभनपुर राजस्व अनुभाग में 18 से 20 जून तक तीन दिवसीय वृहद पंजीयन शिविर रखा गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभनपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार शिविरों में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, कौशल विकास एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं से संबंधित नए पंजीयन, त्रुटि सुधार तथा समस्याओं का निराकरण किया जाएगा,18 जून को शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय अभनपुर, 19 जून को सामुदायिक भवन नेहरू घाट नवापारा तथा 20 जून को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोरपा में प्रातः 11 बजे से शिविर आयोजित होंगे। प्रशासन ने अधिक से अधिक नागरिकों से शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

## बकतरा स्कूल के प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

स्थानीय शासकीय हाई स्कूल बकतरा में गुरुवार को नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर 'शाला प्रवेशोत्सव' का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला परिसर में एक गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला, जहां कक्षा 9वीं और 10वीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर तथा पाठ्यपुस्तकें भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। आयोजन के दौरान शिक्षकों एवं प्रबुद्धजनों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन तथा अनुशासन का पालन करने की सीख देते हुए शिक्षा के वास्तविक महत्व से अवगत कराया। साथ ही सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गई। इस शाला प्रवेशोत्सव का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों के मन से झिझक दूर कर उन्हें विद्यालयीन गतिविधियों से सहज रूप से जोड़ना तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना रहा। इस गरिमामय कार्यक्रम में पूर्व जनप्रतिनिधि, स्थानीय गणमान्य नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, जागरूक पालकगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



## क्रांति सेना एवं जोहार पार्टी की बैठक में जनसरोकार पर चर्चा

**आरंग।** महानदी के तट पर बसे ग्राम निषदा में रविवार को छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों, किसानों और युवाओं के बीच प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों, बढ़ती महंगाई और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली पर तीखा आक्रोश फूटा। वक्ताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव में अभी दो वर्ष शेष हैं, लेकिन नेताओं ने अभी से गांवों की परिक्रमा शुरू कर दी है, जबकि संकट के समय जनप्रतिनिधि गायब रहते हैं। बैठक में पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, 1,013 रुपये तक पहुंचे रसोई गैस सिलेंडर के दामों और समय पर खाद नहीं मिलने से परेशान किसानों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। शिक्षा के स्तर पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने नीट परीक्षा के विवादों सहित कक्षा 12वीं के हिंदी प्रश्नपत्र तथा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के पेपर लीक होने की घटनाओं पर सरकार को घेरा। साथ ही गांवों में आसानी से उपलब्ध हो रही शराब और उससे बिगड़ रहे सामाजिक माहौल पर गहरी नाराजगी जताई गई। इस दौरान जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ग्राम निषदा के निवासियों द्वारा किए गए संघर्षों की सराहना की गई।



## 18 हजार की पूंजी से शुरू किया अब हर महीने 10 हजार की आय

# महतारी वंदन योजना से बदली भानसोज की दुलारी की किस्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

कभी परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए मजदूरी करने वाली ग्राम भानसोज की दुलारी माण्डले आज आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल बन गई हैं। महतारी वंदन योजना से प्राप्त मासिक सहायता राशि की नियमित बचत ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। महज 18 हजार रुपये की पूंजी से शुरू किया गया उनका घरेलू व्यवसाय आज हर महीने लगभग 10 हजार रुपये का शुद्ध लाभ दे रहा है और गांव की कई महिलाओं के लिए रोजगार का माध्यम भी बन चुका है। विकासखंड आरंग के ग्राम भानसोज निवासी दुलारी माण्डले ने बताया कि उन्होंने अपनी सास के साथ मिलकर महतारी वंदन योजना से मिलने वाली एक-एक हजार रुपये की मासिक सहायता राशि को लगातार नौ महीने तक बचाया। दोनों की संयुक्त बचत 18 हजार रुपये होने पर उन्होंने इसे घरेलू उद्योग में निवेश करने का निर्णय लिया।इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभा माण्डले ने उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया और घरेलू उद्योग शुरू करने संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन दिया। पति के सहयोग से दुलारी ने बाजार से कच्चा माल खरीदकर घर पर ही पारंपरिक खाद्य उत्पाद 'नड्डा' और 'मुर्कू' तैयार करना शुरू किया तथा आकर्षक पैकेजिंग के साथ स्थानीय बाजार में उनकी बिक्री प्रारंभ की। शुरुआती दौर में पैकेजिंग, विपणन और पहचान बनाने जैसी कई चुनौतियां सामने आईं, लेकिन दुलारी ने हार नहीं मानी। उनके बेटे ने नारा, कारहीडीह, मालीडीह, फरफौद, डिघारी, बरछा सहित आसपास के गांवों की किराना दुकानों तक उत्पाद पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाई। गुणवत्ता और भरोसे के कारण धीरे-धीरे उनके उत्पादों की मांग लगातार बढ़ती गई।आज दुलारी माण्डले का यह छोटा-सा घरेलू उद्योग गांव की 4 से 6 महिलाओं को नियमित रोजगार उपलब्ध करा रहा है। कच्चे माल, मजदूरी और पैकेजिंग सहित सभी खर्च निकालने के बाद भी उन्हें प्रतिमाह लगभग 10 हजार रुपये का शुद्ध लाभ हो रहा है, जिससे वे बच्चों की शिक्षा, परिवार की जरूरतों और भविष्य की योजनाओं को पूरा कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक ऋतु परिहार ने दुलारी की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव लाने की प्रेरणा भी देती है। यदि सहायता राशि का योजनाबद्ध उपयोग किया जाए और मेहनत के साथ आगे बढ़ा जाए, तो हर महिला अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकती है। दुलारी माण्डले की सफलता अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है।दुलारी माण्डले की यह सफलता दर्शाती है कि छोटी बचत, सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिखी जा सकती है। उनकी कहानी आज ग्रामीण महिलाओं में स्वरोजगार और आत्मविश्वास का नया संदेश दे रही है।



## बहुरबंद में डी वाट प्लांट का भूमिपूजन



**अभनपुर।** पंचायत उल्बा के बहुरबंद तालाब के मुहाने पर डी वाट प्लांट का भूमि पूजन किया गया। भाजपा नेता एवं सरपंच नेहरू लाल साहू ने बताया कि डी वाट प्रोजेक्ट में गंदे बहते हुए पानी को फिल्टर करके स्वच्छ जल में परिवर्तित करने का एक आधुनिक विधि है। जो की 2.96 लाख की लागत से बनेगा। ग्राम पंचायत उल्बा में अनियंत्रित बह रहे गंदे पानी को एकत्रित कर उन्हें इस संयंत्र के माध्यम से क्लियर करके जल संवर्धन करने के लिए तालाब में प्रवाहित किया जाएगा श्री साहू ने उक्त निर्माण कार्य के लिए साय सरकार, क्षेत्रीय सांसद, विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान रानी सोनवानी, सुशीला सोनवानी, लोकेश यादव, चंद्रबली भारद्वाज, भुवनेश्वरी तारक, ओमेश्वरी तारक , गायत्री तारक, बृजेश पांडे, मनोज सोनवानी, चंद्रहास सोनवानी, लक्ष्मण सिंह ध्रुव, राजीव ध्रुव, कीर्तन तारक, कोमल पांडे, चैतराम सपहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला स्व-सहायता समूह करेंगे सब्जी व मसालों की खेती, ताकि बच्चों को मिले ताजा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंत्रालय में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग सह संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव विकासशील ने कड़े निर्देश दिए हैं कि राज्य की सभी शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को योजना के तहत अनिवार्य रूप से गरम भोजन और पूरक पोषण प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट किया कि स्कूलों में योजना के संचालन की लगातार जमीनी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें और भोजन पकाने के लिए नियमित रूप से रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो।

हरिभूमि सरोकार

### गुणवत्ता और स्वच्छता का स्तर उत्कृष्ट रहे

बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना और सेंट्रल किचन के माध्यम से भोजन पकाने की व्यवस्था पर व्यापक चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों और उनके आस-पास स्थित स्कूलों में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत सेंट्रल किचन के माध्यम से भोजन तैयार कर सप्लाई किया जाना चाहिए, ताकि भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का स्तर उत्कृष्ट रहे। बैठक में स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, संचालक नागरिक आपूर्ति निगम इफ्फत आरा सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### शहर के साथ-साथ समीपस्थ क्षेत्रों में भी सेंट्रल किचन से सप्लाई

पीएम पोषण शक्ति योजना : समीक्षा में दिए गए निर्देश



### आमदनी में होगा इजाफा

योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पोषण से जोड़ते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे भोजन तैयार करने वाले महिला स्व-सहायता समूहों को सब्जी और मसालों की खेती के लिए प्रोत्साहित करें। इससे स्कूलों में बच्चों को ताजी व हरी सब्जियां मिलेंगी और साथ ही इन महिला समूहों की आमदनी में भी इजाफा होगा।गौरतलब है, राज्य के 56 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में यह योजना संचालित है। इन स्कूलों के माध्यम से 29 लाख से अधिक विद्यार्थियों को दैनिक रूप से गरम भोजन और पूरक पोषण दिया जा रहा है। भोजन तैयार करने के कार्य में 86 हजार से ज्यादा रसोइया जुड़े हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### 23 को कैबिनेट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट की बैठक 23 जून को 11.30 बजे मंत्रालय में बुलाई गई है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारी और लाए जाने वाले विधेयकों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही खरीफ सीजन और आपदा प्रबंधन के संबंध में अब तक की गई तैयारियों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। अन्य विभागों के प्रस्तावों पर भी चर्चा की जाएगी।

### भारतीय वन सेवा के सात अफसरों का स्थानांतरण

**रायपुर ।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने गुरुवार को सात भारतीय वन अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक कांकेर सीसीएफ राजेश कुमार चंदेले, जगदलपुर सीसीएफ आलोक तिवारी का स्थानांतरण वन मुख्यालय किया गया है। इसी तरह राम अवतार दुबे मुख्य वन संरक्षक कार्योजना बिलासपुर राज्य वन विकास निगम के क्षेत्रीय महाप्रबंधक बनाए गए हैं। वन मुख्यालय में वन संरक्षक के पद पर पदस्थ विवेकानंद झा कांकेर के प्रभारी सीसीएफ बनाए गए हैं। लक्ष्मण सिंह का वन मुख्यालय से स्थानांतरण बिलासपुर किया गया है, वे वहां वन संरक्षण कार्य योजना मंडल के प्रभारी होंगे। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर स्टायलो मंडावी को सीसीएफ जगदलपुर का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी निर्मला खेस का स्थानांतरण रायपुर जिला वन अधिकारी, अनुसंधान एवं विस्तार प्रभाग किया गया है। वन मुख्यालय में संपदा अधिकारी के पद पर पदस्थ अनिमेश गोवर्धन को वन मुख्यालय में ही वन उप संरक्षक (रोकड़) के पद पर स्थानांतरण किया गया है।

### योग आयोग के अध्यक्ष नियुक्त हुए संजय अग्रवाल

**रायपुर।** राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष के पद पर बिलासपुर निवासी संजय अग्रवाल को नियुक्त किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ योग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार योग को स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम मानती है। योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि जीवन में अनुशासन, संतुलन और सकारात्मकता का भी संचार करता है। मुख्यमंत्री ने कहा, श्री अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश में योग के प्रचार-प्रसार, जन-जागरूकता एवं योग आधारित स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रयासों को नई गति मिलेगी।

### ओवररेट पर शराब बिक्री तीन अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** अधिक दर पर शराब बेचने के मामले में उड़नदस्ता की रिपोर्ट पर आबकारी विभाग के तीन अफसरों को निलंबित किया गया है। जानकारी के अनुसार, उड़नदस्ता टीम दुर्ग ने अंजोरा में ओवररेट पर शराब बेचे जाने के मामले में जांच की, जिसमें आबकारी उप निरीक्षक हरिश पटेल की लापरवाही होने की बात कही गई। वहीं कांकेर जिले के दुर्गकोंदल में बीयर की अधिक दर पर बिक्री के मामले में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त भानुप्रतापपुर ओमप्रकाश को लापरवाह मानते हुए निलंबित किया गया है। तीसरा मामला सरगुजा जिले का है, जहां विदेशी कम्पोजिट दुकान बौरीपारा में अधिक दर पर मदिरा बेचने के मामले में अंबिकापुर वृत्त के उप निरीक्षक अनिल गुप्ता को निलंबित किया गया है।

## प्रति एकड़ फसल तैयार करने में अब 25 हजार रुपए से अधिक लागत

# महंगाई ने तोड़ी किसानों की कमर, खाद, बिजली जोताई-रोपाई सभी की कीमत डेढ़ गुना तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

महंगाई की मार किसानों की कमर तोड़ रही है। एक ओर जहां सोसाइटियों में डीएपी, यूरिया, पोटाश की किल्लत के कारण किसानों को महंगे दाम पर बाजार से ये सभी चीजें खरीदनी पड़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर डीजल-पेट्रोल एवं बिजली की दरें बढ़ने के कारण रोपाई-जोताई का खर्च भी डेढ़ गुना तक बढ़ गया है। मजदूरी अलग। इस तरह प्रति एकड़ धान की फसल तैयार करने में पहले जहां लगभग 15 से 17 हजार रुपए तक खर्च आता था, वहीं सभी चीजों की कीमत बढ़ने के बाद अब 25 हजार रुपए से अधिक खर्च करना पड़ेगा। हरिभूमि से बातचीत करते हुए कुछ किसानों ने बताया कि डीजल-पेट्रोल, बिजली, मजदूरी सभी की कीमत बढ़ गई है, जिससे खेती करना भी मुश्किल होता जा रहा है। अगर महंगाई इसी तरह बढ़ती रही, तो आगामी दिनों में छोटे किसानों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। महंगाई के कारण वे खेती करना भी बंद कर सकते हैं।

हरिभूमि ने गुरुवार को बढ़ती महंगाई का असर किसानों पर कितना पड़ा है, इसकी पड़ताल करने छोटे-बड़े कई किसानों से बातचीत की। इस पड़ताल में पता चला कि बढ़ती महंगाई अब किसानों की कमर तोड़ रही है। किसानों के लिए कोई भी फसल तैयार करने में लगने वाली लागत पिछले कुछ वर्ष में डेढ़ से दो गुना तक बढ़ गई है। प्रदेश में खेती का रकबा लगातार घटने का एक बड़ा कारण यह भी है। लागत बढ़ने के कारण छोटे किसानों को कर्ज लेना पड़ता है, वहीं अगर फसल मनचाही तैयार नहीं हुई, या किसी प्रकार की आपदा की स्थिति आने पर फसल को नुकसान होता है, तो उनकी कमाई और कम हो जाती है। कई बार तो प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की फसल तैयार करने में लगाई गई लागत भी निकल नहीं पाती।

### डीजल-पेट्रोल की कीमत बढ़ने से हार्वेस्टिंग, ट्रांसपोर्टिंग का खर्च भी बढ़ा

देश इन दिनों ईंधन के संकट से गुजर रहा है, जिसके कारण डीजल-पेट्रोल की कीमत बढ़ा दी गई है। फसल तैयार होने के बाद कटाई के लिए किसान अब हार्वेस्टिंग का उपयोग करते हैं। पिछले खरीफ सीजन में प्रति एकड़ फसल में हार्वेस्टिंग का खर्च जहां दो हजार रुपए था, वहीं डीजल-पेट्रोल की कीमत बढ़ने से इस बार ढाई हजार रुपए तक पहुंच गया है।





### प्रति एकड़ धान की फसल की लागत इस वर्ष डेढ़ गुना बढ़ी

| | पिछले वर्ष | इस वर्ष |
|---|---|---|
| यूरिया | 266.50 | 266.50 |
| डीएपी | 1350 | 1350 |
| पोटाश | 1975 | 1975 |
| जोताई दो बार | 4000 | 6000 |
| रोपाई | 6000 | 8000 |
| बीज | 1700 | 1700 |
| हार्वेस्टिंग | 2000 | 2500 |
| पानी, बिजली, मजदूरी सहित अन्य खर्च. | 3000 | 5000 |





### रोपाई भी 6 हजार की जगह 8 हजार में

किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ रोपाई करने में पहले दो हजार रुपए तक लागत आती थी, लेकिन इस बार 7 से 8 हजार रुपए तक हो गई है। डीएपी, यूरिया, पोटाश, उर्वरक ज्यादातर बाजार से महंगे दाम पर खरीदना पड़ रहा है। इसके कारण इसकी लागत भी डेढ़ से दोगुना तक ज्यादा लगती है। सोसाइटी में जिस डीएपी का मूल्य 1350 रुपए प्रति बोरा है, वहीं बाजार में उसका मूल्य 2500 रुपए है। यूरिया भी सोसाइटी में प्रति बोरी 266 रुपए है, जबकि बाजार में 450 से 5500 रुपए है। पोटाश सहित अन्य दवाइयों की कीमत भी बाजार में डेढ़ से दोगुना अधिक है।

# ट्राइबल यूथ हॉस्टल के 13 अभ्यर्थी यूपीएससी प्रीलिम्स में हुए सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ मुख्यमंत्री ने दी बधाई, कहा- युवा शक्ति की सफलता विकसित छत्तीसगढ़ की नई पहचान

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणामों में छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। नई दिल्ली के द्वारका स्थित ट्राइबल यूथ हॉस्टल में रहकर तैयारी कर रहे 13 अभ्यर्थियों ने प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी सफल अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति की प्रतिभा, परिश्रम और अटूट संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर निर्माण के लिए बेहतर अवसर एवं संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन युवाओं की सफलता प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने की प्रेरणा देगी। यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 में सफल होने वाले विद्यार्थियों में गौतम कुमार, कुलभूषण सिंह पोया, हरि चंद्र प्रकाश सिंह, मयंक रात्रे, मलिकराम पटेल, आर्यन राठौर, चेतन लाल, हरीश कुमार पटेल, किशन लाल साहू, सत्यनारायण चंद्राकर, दीक्षा दिवाकर, विकेश कुर्रे तथा प्रकाश पटेल शामिल हैं।

### यूथ हास्टल की क्षमता में वृद्धि

मुख्यमंत्री ने कहा, समाज के वंचित एवं प्रतिभाशाली युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नई दिल्ली स्थित ट्राइबल यूथ हॉस्टल की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है। इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ वनांचलों, जनजातीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को देश की राजधानी में रहकर संघ लोक सेवा आयोग सहित अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर अवसर प्राप्त हो रहा है।

### सकारात्मक परिणाम

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा, यह सफलता राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए उपलब्ध कराए जा रहे शैक्षणिक अवसरों और मार्गदर्शन व्यवस्था का सकारात्मक परिणाम है। यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में 13 अभ्यर्थियों की सफलता ने इस संस्थान की उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ दिया है।

# 120 वर्ष पुरानी ओड़िया भाषा की 11 दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियां पोर्टल में होंगी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ज्ञानभारतम मिशन के अंतर्गत जिले में प्राचीन एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण का कार्य जारी है। इसके तहत विभिन्न ऐतिहासिक पाण्डुलिपियों का संग्रहण कर उन्हें ज्ञानभारतम- पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है।

इसी क्रम में रायपुर निवासी कमल वैद्य के पास 120 वर्ष पुरानी ओड़यिा भाषा में 11 पांडुलिपियां मिली है, जिसे वे वर्षों से संभाल कर रखे हुए हैं। इन पांडुलिपियों को अब ज्ञानभारतम पोर्टल में दर्ज किया जाएगा।



■ कलेक्टर ने पांडुलिपियों का अवलोकन कर कमल वैद्य को किया सम्मानित

### कलेक्टर ने किया अवलोकन

कलेक्टर गौरव सिंह ने कमल वैद्य के कार्यालय पहुंचकर पाण्डुलिपियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें शॉल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित यह अभियान प्राचीन ज्ञान-संपदा के संरक्षण, दस्तावेजीकरण एवं डिजिटलीकरण के माध्यम से भावी पीढ़ियों के लिए हमारी अमूल्य विरासत को सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियों, ताम्रपत्रों को संरक्षित करना हम सब की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त अंजलि शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राशन कार्ड सदस्य की तरह अब पंजीकृत श्रमिकों को भी ई-केवायसी कराना अनिवार्य

■ पंजीयन विवरण को आधार कार्ड से मेल कराने विशेष अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के राशन कार्ड सदस्यों की तरह श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को भी ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया के तहत श्रमिकों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद ही श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

### संशोधन कराने 20 रुपए शुल्क निर्धारित

ईकेवायसी के पूर्व पंजीकृत श्रमिकों के पंजीयन कार्ड की जानकारी जैसे नाम, जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर आदि का आधार कार्ड में दर्ज विवरण के अनुरूप संशोधन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में संचालित लोक सेवा केंद्रों एवं सीएससी, च्वाईस सेंटरों को इस कार्य के लिए अधिकृत किया है। पंजीयन विवरण में संशोधन एवं सत्यापन के लिए 20 रुपए प्रति शुल्क निर्धारित किया है। श्रम विभाग ने सभी पंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने निकटतम लोक सेवा केंद्र या च्वाईस सेंटर में पंजीयन कार्ड में दर्ज विवरण को आधार कार्ड के अनुरूप सत्यापित एवं संशोधित कराएं।



फाइल फोटो

### ई-केवायसी कराना अनिवार्य

पंजीकृत श्रमिकों को ई-केवाईयसी कराना अनिवार्य है। ई-केवायसी कराने वाले श्रमिकों को ही योजनाओं का लाभ मिलेगा। ईकेवायसी से अब मृत एवं डुप्लिकेट नाम हट जाएंगे।

- **देवेंद्र देवांगन,** प्रभारी श्रमायुक्त, श्रम विभाग रायपुर

### ईकेवायसी से डूप्लीकेट के अलावा मृत श्रमिकों के नाम भी सामने आएंगे

ई-केवायसी से अब प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को आधार से जोड़ा जाएगा। इससे डूप्लीकेट नाम वाले श्रमिकों के अलावा जिनकी मृत्यु हो चुकी हैं। ऐसे श्रमिकों के नाम ऑटोमेटिक पोर्टल में ब्लॉक हो जाएंगे। इस तरह पात्र पंजीकृत श्रमिक ही योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

### फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद कराया जा रहा केवायसी

श्रम विभाग में श्रमिकों के पंजीयन कराने में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आ चुका है। एक हितग्राही ने अपने नाम से दो से अधिक बार पंजीयन करा लिए थे। रायपुर जिले के अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में जनवरी 2026 की स्थिति में श्रम विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार विभाग मंडल अंतर्गत 45 हजार 291 निर्माण श्रमिक, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 12 हजार 797 असंगठित कर्मकारी तथा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 4 हजार 547 संगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। इन पंजीकृत श्रमिकों में बड़ी संख्या में ऐसे भी श्रमिक थे, जिनके नाम एक से अधिक बार पंजीयन हैं। अधिकारियों का कहना है कि आधार से लिंक नहीं होने के कारण हितग्राही का एक से अधिक बार पंजीयन हो गए हैं। भौतिक सत्यापन के दौरान जैसे-जैसे डूप्लीकेट पंजीकृत श्रमिकों के नाम सामने आ रहे हैं, उन्हें निरस्त किए जा रहे हैं।

# हमर क्लीनिक बनाने फंड का लोचा... कहीं आधे-अधूरे तो कहीं भवन के सामने हो गया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ बनने थे 76 हमर क्लीनिक, चार साल में पचास बन पाए वो भी अधूरे खुले

गली-मोहल्ले में हमर क्लीनिक बनाने की योजना फंड के अभाव में पूरी होने का नाम नहीं ले रही है। राजधानी रायपुर में कहीं भवन बनाने का काम आधा-अधूरा है, तो कहीं खुलने की तारीख तय नहीं होने के कारण कब्जा हो गया है।

राजधानी में 76 स्थानों पर हमर क्लीनिक बनाने की योजना थी, मगर चार साल बाद भी इसमें से पचास बन पाए जो पूरी तरह नहीं खुल सके हैं। राजधानी में ही आधा दर्जन स्थानों पर योजना केवल कागजों पर अटकी पड़ी है और भवन निर्माण का काम पूरा नहीं हो पाया है। हमर क्लीनिक के लिए भवन बनाने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी की है, मगर पर्याप्त फंड नहीं होने की वजह से उनके निर्माण का काम आधा-अधूरा है। किसी इलाके में भवन का ढांचा खड़ा हुआ, तो कहीं बोर्ड लगाकर काम चलाया जा रहा है। कुछ एक स्थान पर तो पिल्हर लगाकर ही काम बंद कर दिया गया है। लोधीपारा इलाके के भावे नगर में हमर क्लीनिक बनाने मिली जगह पर ढांचा खड़ा किया गया इसके बाद निर्माण के लिए राशि की समस्या आने के बाद उसे अस्पताल की शक्ल नहीं दिया जा सका।

देख रेख के अभाव में बन आसपास के अतिक्रमण करने वालों का ठिकाना बना गया। वर्तमान में भवन के बाहर से लेकर भीतर लोगों को कब्जा है और उन्हें बेदखल करने की हिम्मत कोई नहीं जुटा पा रहा है। पर्याप्त फंड की वजह हमर क्लीनिक बनाने का काम कई इलाकों में अटका पड़ा है। हमर क्लीनिक बनाने की योजना पंद्रहवे वित्त आयोग से मिले फंड के बाद दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक के तर्ज पर बनाई गई थी। शुरुआती दौर में तो फंड मिलने के बाद सीजीएमएससी द्वारा धड़ाधड़ कई इलाकों में विशेष प्रकार के भवन का निर्माण कर दिया गया। समय बीतने के बाद आवश्यक निर्माण के लिए फंड की कमी शुरू हुई और काम अधूरा रह गया। नतीजा यह हुआ कि हमर क्लीनिक पूरे नहीं खुले पाए।

### आधा दर्जन स्थानों पर योजना केवल कागजों पर अटका पड़ा भवन का निर्माण

### जहां मरीज भी आने से करते हैं परहेज

बैजनाथ पारा इलाके में खोले गए हमर क्लीनिक में महिला चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ है मौजूद है, मगर यहां मरीज आने से परहेज करते हैं। हमर क्लीनिक का निर्माण ऐसे स्थान पर किया गया है, जो किसी भी लिहाज से सही नहीं है। गांधी मैदान के समक्ष बनाए गए इस क्लीनिक में वॉश रूम जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव है। बहुत ज्यादा जरूरी होने पर मरीज यहां आते हैं अन्यथा स्टाफ खाली बैठा रहता है।




**वीरभद्र नगर में बोर्ड भी हटा :** वीरभद्र नगर में भी काफी समय पहले हमर क्लीनिक बनाने की योजना था। इसके लिए पेट्रोल पंप के सामने की जमीन को चयनित किया गया था। काफी समय तक वहां हमर क्लीनिक का बोर्ड भी लगाया गया मगर बाद में काम शुरू होने की वजह से इस बोर्ड को हटा लिया गया। इसी तरह मठपारा इलाके में हमर क्लीनिक का संचालन सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है।

### हैंडओवर होते ही शुरू करेंगे

हमर क्लीनिक के भवन निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी की है। निर्माण पूरा होने के बाद भवन हैंडओवर होने पर इसका संचालन स्वास्थ्य विभाग करता है। आधिपत्य मिलने के बाद बाकी स्थानों पर हमर क्लीनिक शुरू किया जाएगा।

- **डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीजीएमएससी

### *नयापारा में केवल पिल्हर लगा*

*सदरबाजार के नयापारा इलाके में रहने वालों को प्राथमिक स्वास्थ्य की निशुल्क सुविधा देने के लिए हमर क्लीनिक बनाने का काम शुरू किया गया। शुरुआती दौर में भवन बनाने यहां पिल्हर तो लगाए गए इसके सीजीएमएससी के ठेकेदारों ने इधर मुड़कर भी नहीं देखा। क्षेत्र के पार्षद ने बताया कि हमर क्लीनिक की सुविधा के लिए वे काफी समय से प्रयासरत है। कार्पोरेशन के जिम्मेदारों ने उन्हें फंड नहीं होने का हवाला दिया है।*

# 50 प्रतिशत की छूट ने बदला ट्रेंड, प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने में महिलाएं हुईं आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन शुल्क में महिला को 50 प्रतिशत की छूट ने पंजीयन विभाग में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने का ट्रेंड ही बदल दिया है। यह कह सकते हैं कि रजिस्ट्री कराने में भी महिलाएं अब पुरुषों की बराबरी नहीं, बल्कि उनसे आगे निकल गई हैं। राजधानी रायपुर में पिछले मई माह में कुल 2026 रजिस्ट्री हुई हैं, जिनमें 1105 महिलाओं के नाम पर हुई हैं। महिलाओं के नाम पर ज्यादा रजिस्ट्री की वजह जरूर पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट हो सकती है, लेकिन इसका फायदा महिलाओं को मिलने लगा है। एक ओर जहां पंजीयन विभाग में महिलाओं के नाम पर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री ज्यादा होने लगी है, वहीं महिलाएं प्रॉपर्टी की ऑनर भी बनने लगी हैं। इससे पहले तक पुरुषों के नाम पर ही ज्यादा रजिस्ट्री होती रही है। यह पहली बार है, जब महिलाओं के नाम पर ज्यादा रजिस्ट्री होने लगी है।

### महीनेभर में 25 लाख से अधिक की बचत

*पंजीयन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मई में 1105 महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री हुई है। इससे महिलाएं जहां अब प्रॉपर्टी की मालिक बन गई हैं, वहीं उनके नाम से रजिस्ट्री होने से पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की बचत भी हुई है। इस तरह महिलाओं ने बचत राशि के रूप में अपने-अपने परिवारों को एक बड़ी राशि का फायदा भी कराया है। इस बचत राशि को प्रत्येक परिवार भविष्य में ऐसे कार्य में लगा सकेंगे, जिससे उनकी समस्या दूर हो सकती है।*

**1 माह में 2026 रजिस्ट्री में 1105 महिलाओं के नाम पर**



### आठ हजार से लेकर 99 हजार तक की बचत

*जिन महिलाओं के नाम पर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री हुई है, उनके परिवार को 8 हजार रुपए से लेकर लगभग 1 लाख रुपए तक की बचत हुई है। विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार रायपुर एसआर-2 में एक महिला के नाम पर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री हुई, उसका बाजार मूल्य 49 लाख 77 हजार 5 सौ रुपए था। इस प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री में पंजीयन शुल्क छूट से पूर्व 1 लाख 99 हजार 160 रुपए था, जो 50 प्रतिशत छूट के बाद 99 हजार 580 रुपए लगा। इस तरह महिला को पंजीयन शुल्क में 99580 रुपए की छूट मिली है।*

### महिलाओं के नाम पर ज्यादा होने लगी

*पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट के बाद महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री अब ज्यादा होने लगी है। इस छूट का लाभ लेने लोग अब प्रॉपर्टी की महिलाओं के नाम पर ही रजिस्ट्री कराने लगे हैं।*

**विनोज कोचे,**
**पंजीयक, रायपुर**

## खबर संक्षेप

### शिवसेना का बिजली कटौती-बिल में बढ़ोतरी को लेकर प्रदर्शन आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के निर्देशानुसार संजू साहू ने बताया कि बिजली बिल की बेतहाशा बढ़ोतरी और बिजली कटौती की समस्या को लेकर शिवसेना के सैकड़ों की संख्या में शिवसेना द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे बूढ़ातालाब बिजली ऑफिस के समक्ष शिवसैनिक विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### पं. माधवराव सप्रे के योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल रायपुर, छत्तीसगढ़-मित्र, जय जोहार साहित्य एवं संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पं. माधवराव सप्रे जयंती समारोह के अवसर पर हिंदी पत्रकारिता के विकास में पं. माधवराव सप्रे का योगदान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 19 जून सायं 4 बजे महाराष्ट्र मंडल भवन चौबे कॉलोनी में रखा गया है। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी रायपुर के अध्यक्ष शशांक शर्मा होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा करेंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्र, वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज तथा महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले होंगे। इस अवसर पर 'छत्तीसगढ़-मित्र पं. माधवराव सप्रे साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान–2026' से दिल्ली के प्रतिष्ठित पत्रकार एवं अनुस्वार के संपादक डॉ. संजीव कुमार को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 'छत्तीसगढ़-मित्र' (जून 2026 अंक) का लोकार्पण भी अतिथियों के करकमलों से संपन्न होगा। कार्यक्रम में शकुंतला तरार की पुस्तक, हाँ! मैं अबूझमाड़ हूँ, तथा डॉ. सुधीर शर्मा की पुस्तक व्यक्तित्व विकास में पं. माधवराव सप्रे की भूमिका का विमोचन भी किया जाएगा। समारोह में मराठी और हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली लतिका भावे रायपुर, प्रशांत कानस्कर भिलाई, अनिल पुसदकर रायपुर, डॉ. साधना रहटगांवकर रायपुर तथा सुश्री वरदा जोशी दुर्ग का सम्मान भी किया जाएगा। आयोजन समिति की ओर से कुमुद लाड महाराष्ट्र मंडल, डॉ. सुधीर शर्मा सचिव, पं. माधवराव सप्रे शोध केंद्र तथा डॉ. सीमा निगम अध्यक्ष, जय जोहार साहित्य एवं संस्कृति संस्थान ने साहित्यकारों, पत्रकारों, शोधार्थियों तथा साहित्य-प्रेमियों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## निधन

### सत्यभामा देवी कारीवाल



*रायपुर। कंफर्ट सिटी भाठागांव निवासी सत्यभामा देवी कारीवाल (79) का 18 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 जून को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे मामन चंद कारीवाल की पत्नी, किशन, अशोक कुमार की भाभी, मनोज, संजय, कमल, नवीन कारीवाल, सीमा अग्रवाल की माता थीं।*

## दर्जनों भवन सालों से खाली, खंडहर में हो रहे तब्दील

# शहर में 137 भवन जर्जर, नोटिस देने फिर होगी खानापूर्ति, बारिश करीब, ढहने का खतरा

*शहरभर में 137 जर्जर भवन से जान-माल का खतरा बना हुआ है। इन खस्ताहाल भवनों को हटाने या जन सुरक्षा के लिहाज से तत्काल मरम्मत कराने संबंधित भवन मालिकों को नगर निगम नोटिस जारी करेगा। फूल चौक, सदानी चौक, हलवाई लेन, जोरापारा ब्रम्हदेव गली, राठौर चौक, शास्त्री मार्केट, मालवीय रोड, अमीन पारा चौक, बैरनबाजार इलाका, बंधवापारा पुरानी बस्ती, डूमरतालाब के पुराना थाना के पास दर्जनभर जर्जर भवन सहित अन्य इलाकों के जर्जर भवन चिन्हांकित हैं। ये वही खस्ताहाल भवन हैं, जिनकी हर साल सूची नगर निगम जारी तो करता है, पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। महज नोटिस चस्पा कर एक बार फिर खानापूर्ति करने की तैयारी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दरअसल, बारिश के सीजन को देखते हुए निगम प्रशासन शहर के दस जोन के 70 वार्डों में ऐसे जर्जर भवन को नोटिस जारी करने की तैयारी में है, जिनसे बारिश के सीजन में आम जनता को जान-माल अंदेशा बना हुआ है। समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो तेज बारिश में खंडहर हो रहे जर्जर भवन से अनहोनी भी हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के दस जोन कमिश्नरी ने करीब 137 जर्जर भवनों की सूची तैयार की है। इसमें सबसे ज्यादा जर्जर भवन जोन 6 क्षेत्र के हैं, इनकी संख्या करीब 36 है, जबकि मोहबाबाजार स्थित जोन 8 क्षेत्र 24 जर्जर भवन को सूचीबद्ध किया गया है। शहर के इलाकों में वार्ड परिसीमन के बाद अस्तित्व में आये जोन 9 और जोन 10 शहर के ऐसे जोन हैं, जहां एक भी जर्जर भवन नहीं है।

नगर निवेश विभाग के अधिकारियों के मुताबिक जर्जर भवन किराएदार और भवन स्वामी के बीच विवाद के चलते मामला कोर्ट में है। वहीं कुछ ऐसे भी भवन हैं जो सालों से खाली पड़े हैं, जिनके भवन स्वामी का अता-पता नहीं है। ऐसे भवन के खिड़की, दरवाजे और दीवारें तक क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। बारिश में इन खतरनाक भवनों से जान-माल का खतरा है।

» *ज्यादातर भवन के किरायेदार भवन स्वामी के बीच विवाद से मामला कोर्ट में*

» *जोन 6 में 36 और जोन 8 में 24 भवन जर्जर की सूची में*



### जोनवार जर्जर भवन इस तरह

| जोन क्रमांक | जर्जर भवन की संख्या |
|---|---|
| खमतराई जोन 1 | 10 |
| फाफाडीह जोन 2 | 8 |
| शंकरनगर जोन 3 | 9 |
| मोतीबाग पानी टंकी जोन 4 | 24 |
| ईदगाहभाठा पानी टंकी जोन 5 | 12 |
| भाठागांव जोन 6 | 36 |
| समता कालोनी जोन 7 | 14 |
| महोबाबाजार जोन 8 | 24 |
| मोवा थाना के पास जोन 9 | निरंक |
| अमलीडीह जोन 10 | निरंक |
| कुल जर्जर भवनों की संख्या : 137 | |

### जर्जर भवन चिन्हांकित वाले प्रमुख इलाके

*फूल चौक के पास, सदर बाजार का शदाणी चौक एरिया, हलवाई लेन, बांसटाल शास्त्री मार्केट क्षेत्र, मालवीय रोड, बैजनाथ पारा इलाका, अमीनपारा चौक, बैरनबाजार इलाका, बनियापारा पुरानी बस्ती क्षेत्र, बंधवापारा, मंगलबाजार क्षेत्र आमापारा, राठौर चौक, विरदी गली, नहरपारा, शीतलापारा राजातालाब, डूमरतालाब पुराना थाना के पास वाला क्षेत्र जहां 11 जर्जर भवन सूचीबद्ध हैं।*

## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर में डायलिसिस यूनिट शुरू, किडनी मरीजों को मिलेगी राहत



*रायपुर। नवा रायपुर स्थित बालको मेडिकल सेंटर ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत 2-बेड वाले समर्पित डायलिसिस यूनिट की शुरुआत की है। वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की इस पहल से नवा रायपुर, अभनपुर, धमतरी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किडनी रोगियों को घर के नजदीक गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो सकेगा। नई सुविधा का उद्घाटन धरसींवा विधायक एवं पद्मश्री सम्मानित छत्तीसगढ़ी कलाकार अनुज शर्मा ने किया। डायलिसिस यूनिट में हीमोडायलिसिस, एक्यूट एवं क्रॉनिक डायलिसिस, मेंटेनेंस डायलिसिस, रीनल न्यूट्रिशन काउंसलिंग और वैस्कुलर एक्सेस केयर जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। यूनिट का नेतृत्व वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. प्रवाश कुमार चौधरी करेंगे, जिन्हें किडनी रोगों और रीनल ट्रांसप्लांट देखभाल का व्यापक अनुभव है। इस अवसर पर मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि बढ़ते किडनी रोगों के बीच मरीजों को सुलभ और किफायती उपचार उपलब्ध कराना संस्थान की प्राथमिकता है। आयुष्मान भारत समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र मरीजों को निशुल्क अथवा रियायती दरों पर डायलिसिस सुविधा मिलेगी।*

### सेंट विंसेंट पैलोटी कॉलेज में करियर काउंसिलिंग सेमिनार आयोजित



*रायपुर। सेंट विंसेंट पैलोटी महाविद्यालय में विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण और रोजगार संबंधी मार्गदर्शन के उद्देश्य से करियर काउंसिलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में छात्रों को कॉमर्स, मैनेजमेंट, कंप्यूटर साइंस, ह्यूमैनिटीज, शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर संभावनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा, रोजगार के अवसरों, कौशल विकास तथा व्यक्तित्व निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं से भी अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुलदीप दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के बाद छात्रों के लिए बहुविषयक अध्ययन और विविध क्षेत्रों में करियर निर्माण के नए अवसर खुले हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ कम्युनिकेशन स्किल, कंप्यूटर दक्षता, वैल्यू एडेड प्रोग्राम और इंडियन नॉलेज सिस्टम पर भी समान रूप से ध्यान देने की सलाह दी।*

## मंदिर हसौद के बाद माना थाना क्षेत्र में 19 हजार की लूट

▶ बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने सिर पर भारी वस्तु से वार कर की लूट ▶ 5 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में 10 लाख की लूट की घटना के दो दिन पूर्व बदमाशों ने माना थाना क्षेत्र में रियल स्टेट कर्मी के सिर पर भारी वस्तु से हमला कर 19 हजार रुपए की लूट की थी। युवक की शिकायत पर पुलिस घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। निलेश घोष ने थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया है कि वह मूलतः पखांजूर का रहने वाला है, रायपुर में वह कमल विहार सेक्टर चार में रहता है। वह 14 जून को पखांजूर जाने रात डेढ़ बजे धमतरी रोड स्थित ट्रू वैल्यू सन एंड सन के करीब पहुंचा था। उसने पेमेंट की रकम अपने पैंट के पीछे की जेब में रखी थी। फोन पर वह किसी से पैदल बात करते टहल रहा था।

### प्रधानमंत्री स्वनिधि महोत्सव में केनरा बैंक के आशीष सम्मानित



रायपुर। नगर निगम रायपुर द्वारा आयोजित पीएम स्वनिधि महोत्सव एवं लोक कल्याण मेला में पीएम स्वनिधि योजना के सफल क्रियान्वयन तथा हितग्राहियों को वित्तीय सेवाओं से जोड़ने में उल्लेखनीय योगदान के लिए केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के आशीष गोयल को महापौर मीनल चौबे ने सम्मानित किया। इस अवसर पर योजना से जुड़े हितग्राहियों को विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

### :: आम सूचना ::

एतत द्वारा आमजनों को सूचित किया जाता है कि Flat no. B-204, Block- B, Golden Sands, Shankar Nagar, Raipur (C.G.) के विक्रय हेतु M/s Nexus Devcon Pvt. Ltd. द्वारा डायरेक्टर श्री तरुण मारवाह, कार्यालय- B-38, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर (छ.ग.) (बिल्डर) एवं श्री क्रेता- श्री राजीव सोनी, पिता- श्री किशन लाल सोनी, निवासी- सातबहिनिया मंदिर, सुनार पारा, पुराणी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) के मध्य निष्पादित विक्रय इकरारनामा दिनांक 07/07/2017 का अनुपालन एवं विक्रय प्रतिफल की सम्पूर्ण राशि का भुगतान नहीं होने के कारण निरस्त कर दिया गया है। बिल्डर एवं क्रेता के मध्य उक्त विक्रय इकरारनामा समाप्त कर दिया गया है, तथा उभयपक्षों के मध्य किसी भी प्रकार का लेन-देन शेष नहीं है। क्रेता अपने ऋण, देनदारियों, खर्चे एवं क्षति के लिए स्वयं उत्तरदायी है।

उक्त फ्लैट- संपत्ति का स्वामित्व एवं आधिपत्य केवल बिल्डर का है जिसे वह अपनी आवश्यकतानुसार उपयोग-उपभोग, विक्रय-सौदा, भोग-बंधक, दान-वसीयत आदि कर सकता है। आमजानो से आग्रह है कि उक्त वर्णित फ्लैट के संबंध में क्रेता से किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेन देन इत्यादि ना करें। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक या निकाय इत्यादि को दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में दिए गए कार्यालय पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज दर्ज करावें अन्यथा निर्धारित अवधि उपरांत उक्त संपत्ति के संबंध में प्राप्त दावा- आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। तदानुसार सर्व साधारण को सूचनार्थ।

स्थान : रायपुर दिनांक : 30/05/2026

**सौरभ चौधरी (अधिवक्ता)**
**कार्यालय- डी 4&5, 4th फ्लोर, कोरम काम्प्लेक्स (SIS), VIP चौक, तेलीबांधा, रायपुर छत्तीसगढ़, मो.नं. - 8109896575**

### न्यायालय अति. तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक /....... / ब-121 / वर्ष 2025-26
दिनांक 15/06/2026
ग्राम कांदुल, प.ह.नं. 83,
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण संपत साहू व सतोष साहू पिता सुखचैन साहू निवासी अमलीडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम कांदुल प.ह.नं. 83 रा.नि.मं. कांदुल स्थित भूमि ख.नं. 122/9, 122/10 रकबा 0.0430 हे., 0.2390 हे. भूमि आवेदकगण के स्वामित्व में दर्ज है। जिसकी ऋण पुस्तिका किसी कारणवश गुम हो गई है। आवेदकगण द्वारा उपरोक्त खसरा, रकबा की ऋण पुस्तिका कि द्वितीय प्रति प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है

अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति होतो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 30/06/2026 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित हो कर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 15/06/2026 को जारी किया गया।

(मुहर) **अति. तहसीलदार, रायपुर**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)

**-:: आम सूचना :: -**

जारी दिनांक 18/06/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम - डोमा प.ह.न. - 84 रा. नि. मं - रायपुर - 18 तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. में श्री चन्द्रशेखर साहु पिता पुरूषोत्तम साहु निवासी - रावा धमतरी छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 194/81 रकबा 0.0139 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 15/06/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 23/07/2026 को किया जाना नियत हैं। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता हैं। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सो सूचना जानें। राजस्व निरीक्षक रायपुर-18 कांदुल**

### आम-सूचना

**वाके मौजा – मठपुरैना, प.ह.नं. 61, रा.नि.मं.– रायपुर-14-बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 425/136 रकबा 1001 वर्गफुट भूमि के संबंध में।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अकरम खान पिता अकबर खान, निवासी- कैलाशपुरी, गभरापारा, मठपारा, रायपुर के द्वारा विक्रेता श्री रफिया कौसर पति अब्दुल शहान कुरैशी, निवासी- संतोषी नगर, रायपुर के आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि वाके मौजा – मठपुरैना, प.ह.नं. 61, रा.नि.मं.– रायपुर-14-बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 425/136 रकबा 1001 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया है शेष राशि पंजीयन के समय अदा किया जावेगा।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 18.06.2026

**चन्द्रीका पटेल (अधिवक्ता)**
**पता – शिव नगर, न्यू चंगोराभाठा, रायपुर (छ.ग.)**
Mob. : 74165-86100

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर - 18, कांदुल तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 18/06/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डोमा प.ह.न. 84, रा.नि.मं. - रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में श्री मनीष कुमार साहु पिता अलखराम साहु निवासी -रावा धमतरी छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 194/82 रकबा 0.0139 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 15/06/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमाकन दिनांक 23/07/2026 को किया जाना नियत हैं। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमाकन कार्य किया जा सकता हैं। सीमाकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18 कान्दुल**

### आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी श्री धरमू दास, पिता- श्री सुखरु राम, निवासी- बरौदा, माना कैंप, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य हक की भूमि मौजा ग्राम- बरौदा, प.ह.नं. 00023, रा.नि.मं.- पलौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर छत्तीसगढ़ में स्थित खसरा नंबर 119, रकबा 0.5300 हे. भूमि को मेरे पक्षकार श्री पंकज शर्मा, पिता- स्वः राम कुमार शर्मा, निवासी- रायपुर (छ.ग.) द्वारा खरीदने का मौखिक सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है केवल विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) किया जाना शेष है।

उपरोक्त विक्रय संव्यवहार या विक्रय इकरार के संबंध में किसी व्यक्ति, आम जनता, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था, साहूकार, बैंक, किसी वित्तीय संस्था, निगम या ग्राम पंचायत आदि को उपरोक्त उल्लेखित भूमि के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज लिखित में नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं रहेगा और आपत्ति विधि विरूद्ध एवं शून्य माना जावेगा और मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में करा लिया जावेगा।

**सो सूचना जानें।**

स्थान- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 18/06/2026

**रवि तिवारी एवं राहुल उपाध्याय,(अधिवक्ता)**
**पता- अशोका मिलेनियम टॉवर, द्वितीय तल,राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 9827167527**

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्रेमलाल खुटयारे पिता स्व. चुनगू राम खुटियारे के द्वारा ग्राम कुर्रा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. पिपरौद तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 557/9 रकबा 0.14हे. रामरतन पिता शिवप्रसाद के नाम पर दर्ज है जिसके फौती नामांतरण लंबित होने से उनके वारिसान देव आशीष पिता हेमन्त गिलहरे से खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है, तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है ।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के दस दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता / अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लिया जायेगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा । एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा ।

**दिनांक - 18/06/2026**
**स्थान - अभनपुर**

**भवदीय**
**नागेन्द्र कुमार सिन्हा (अधिवक्ता)**
**अभनपुर, मो.नं. 9893906809**

### न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

**प्रकरण क्रमांक/202606111000282/ ब-113 (4) वर्ष-2025-26**
**क्रमांक/1089/अ.वि.अ./पं.सा.न्या./2026**
**रायपुर दिनांक 16/06/2026**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भरत सावरीया पिता कांतिलाल सावरीया, ट्रस्टी, कच्छ गुर्जर क्षत्रिय विद्यार्थी भवन ट्रस्ट, निवासी श्रृजन प्रिमियम अपार्टमेंट, लाभाण्डी, रायपुर (छ.ग.) द्वारा "कच्छ गुर्जर क्षत्रिय विद्यार्थी भवन ट्रस्ट" पंजीयन क्रमांक-157 पता-नहरपारा, स्टेशन रोड, रायपुर (छ.ग.) की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार ट्रस्ट पंजी में परिवर्तन हेतु लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 9(1) के तहत निम्नानुसार परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है- **ट्रस्ट में परिवर्तन- क्र.1, परिवर्तन की प्रकृति**- नव नियुक्त ट्रस्टी का नाम लोक न्यास पंजी में दर्ज करनें हेतुः- **(1)** श्री मनीष परमार पिता श्री धीरज लाल परमार, **(2)** श्री जयमीत सावरीया पिता श्री भरत सावरिया, **(3)** श्री कपिल राठौर पिता श्री मुकुंद राठौर, **(4)** श्री नीलेश चौहान पिता श्री नरेन्द्र चौहान, **परिवर्तन के कारण**- न्यास में कार्यरत ट्रस्टियों की मृत्यु होने एवं पद से त्यागपत्र देने पर उनके स्थान पर नये ट्रस्टियों की नियुक्ति ।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को उक्त संबंध में कोई दावा, आपत्ति या सुझाव हो तो वे इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य (02 प्रतियों में) प्रस्तुत कर सकते है एवं पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वतः या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होवे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किये गये दावा, आपत्ति या सुझाव पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक **16/06/2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**(नंदकुमार चौबे )**
(मुहर) **पंजीयक, सार्वजनिक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर**

## पेज 09 के शेष

### कहां हैं बीट प्रभारी...शहर में हर दिन...

दर्ज कराते हुए 90 चोरियां की हैं। इन चोरियों में 57 दोपहिया वाहन भी शामिल हैं। पुलिस कमिश्नरेट में शहरी क्षेत्र के 21 पुलिस थाना क्षेत्र शामिल हैं। इन थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने तीनों जोन के डीसीपी को अपने थाना क्षेत्र में नए सिरे से बीट निर्धारित कर बीट प्रभारी नियुक्त करने निर्देश दिए थे। एक-एक थाना क्षेत्र में पांच से सात बीट प्रभारी बनाए गए हैं। जारी निर्देश के अनुसार हर बीट के प्रभारी का नंबर के साथ थाना, थाना प्रभारियों के नंबर संबंधित बीट क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर लिखे जाने के निर्देश हैं। जरूरत पड़ने पर लोग अपने क्षेत्र के संबंधित बीट प्रभारी को कॉल कर सकें। ज्यादातर थानों के बीट क्षेत्र में अब तक बीट प्रभारी, थाना तथा थाना प्रभारियों के नाम सार्वजनिक क्षेत्र में लिखे ही नहीं गए हैं।

**आउटर की कालोनियों को बना रहे निशानाः** चोरों के निशाने पर आउटर की कालोनियां हैं। खासकर ऐसी नई कालोनियां, जहां लोग आकर धीरे-धीरे बसने लगे हैं या फिर नई कालोनी में मकान निर्माण करा रहे हैं। चोर ऐसी कालोनियों में निर्माणाधीन मकान से निर्माण सामग्री चोरी कर रहे हैं। इसके साथ ही जहां लोगों की बसाहट कम है, ऐसी कालोनी में चोर चोरी करने पहुंच रहे हैं।

**विप्र कालोनी में एक दर्जन से ज्यादा चोरीः** जिन नई कालोनी को चोर निशाना बना रहे हैं, उनमें डीडीनगर थाना क्षेत्र के विप्र नगर में चोरों ने पिछले एक महीने में एक दर्जन के करीब छोटी-मोटी चोरी की वारदात कर चुके हैं। ज्यादातर चोरी की घटनाएं निर्माणाधीन मकानों में हुई है। कई मामलों में पीड़ित पुलिस के पास शिकायत करने नहीं पहुंचते या चोरी की कोशिश होने पर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते, इसलिए यह पुलिस के रोजानामचा में दर्ज नहीं होता।

### हर थाना क्षेत्र में तीन पाइंट...

कर उनका विश्वास हासिल कर संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाने निर्देश हैं। अब तक किसी भी बीट प्रभारी द्वारा लोगों के साथ संपर्क का अभाव देखा गया है।

### नगरीय प्रशासन विकास विभाग का...

जांच एजेंसी के अनुसार सेवानिवृत्त लोक सेवक की आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच जारी है।

### हाय गर्मी...शेड में होगी परीक्षार्थियों...

स्थित काशीराम शर्मा शासकीय विद्यालय पहुंचकर स्थितियां देखी। फ्रिस्किंग से लेकर सुरक्षा, पार्किंग और पेयजल तक हर व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन के मुताबिक, 21 जून को आयोजित होने वाली नीट यूजी-2026 परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

**62.5 प्रतिशत महिला अभ्यर्थीः** जैमर, बायोमेट्रिक, वीडियोग्राफी एवं सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की जा रही है। परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने कहा गया है। उन्होंने फ्रिस्किंग व्यवस्था को पूरी तरह सुरक्षित एवं नियमों के अनुरूप संचालित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक न होने के निर्देश दिए हैं। जिले के 25 परीक्षा केंद्रों पर 9050 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, जिनमें 62.5 प्रतिशत महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित होगी, जबकि दिव्यांग अभ्यर्थियों को शाम 6:20 बजे तक अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक प्रवेश मिलेगा, इसके बाद केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे।

### अभिभावकों का भी रखा...

पहचान पत्र की जांच के बाद ही प्रवेश देने तथा बालिकाओं की फ्रिस्किंग अलग एनक्लोजर में कराने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, पार्किंग, बिजली, पंखे और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा देने आए विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को पार्किंग अथवा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

### सामूहिक अवकाश लेकर निगम...

15 से 17 जून तक निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने चरणबद्ध आंदोलन के तहत लगातार तीन दिनों तक विरोध में काली पट्टी लगाकर काम किया।

दरअसल, सफाई कर्मचारियों और ठेकेदारों के बाद अब नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी भी अपने लंबित मांगों को मनवाने गुरुवार को सड़क पर उतर आए। नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव ने बताया कि 2004 के बाद नियुक सभी अधिकारी व कर्मचारी के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने, अधिकारी व कर्मचारियों की मांगों को नए सेटअप में शामिल करने, नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को न्यूनतम 20 हजार प्रति माह वेतन देने, प्लेसमेंट कर्मचारियों के नौकरी की सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर कामबंद, कलमबंद आंदोलन किया। यदि लंबित मांगें पूरी नहीं हुईं, तो नगर निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने बाध्य होंगे।

### समर्थन देने पहुंचे नेता...

महापौर मीनल चौबे के प्रतिनिधि के रूप में एमआईसी सदस्य अवतार बागल ने आंदोलन कर रहे कर्मचारियों से मिलकर उनके मांगों को पूरा कराने का आश्वस्त किया। आंदोलन का नेतृत्व नगर पालिक निगम अधिकारी-कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव ने किया। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा, अरुण दुबे, पंकज पांडे, चंद्रशेखर तिवारी, पीतांबर पटेल ने आंदोलन का समर्थन करते हुए कर्मचारियों की सभा को संबोधित किया।

### यात्रियों को राहत देने...

अधोसंरचना विकास के कारण यात्रियों की सुरक्षा और कार्य को समय पर पूरा करने के लिए कई ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कुछ ट्रेनों को गंतव्य से पहले समाप्त किया जाएगा और कुछ देर से चलेंगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए 139 या एनटीईएस ऐप के माध्यम से ट्रेन की सही स्थिति की जानकारी लेकर ही अपनी यात्रा शुरू करें।

**यात्रियों की सुविधा के लिए किए गए हैं विशेष प्रबंधः** लगातार लोकल ट्रेनों के रद्द रहने से होने वाली परेशानी को कम करने के लिए रेलवे ने एक्सप्रेस ट्रेनों को पैसेंजर के रूप में चलाने का निर्णय लिया है। 22 जून से 03 जुलाई 2026 के बीच कोरबा से चलने वाली कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (18237) को कोरबा और बिलासपुर के बीच एक पैसेंजर ट्रेन के रूप में चलाया जाएगा, ताकि स्थानीय यात्री इसका लाभ उठा सकें। इसके अलावा, कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस (18250/18249 तथा 18252/18251) को भी 22 जून से 03 जुलाई तक कोरबा-बिलासपुर-कोरबा के बीच पैसेंजर ट्रेन के रूप में संचालित किया जाएगा।

### ये पैसेंजर और मेमू ट्रेनें रहेंगी पूरी...

(68732/68731) पूरी तरह रद्द रहेंगी। इसी प्रकार रायपुर से गेवरा रोड जाने वाली मेमू (68746) और रायपुर से कोरबा जाने वाली पैसेंजर (58204) ट्रेन 21 जून से 02 जुलाई तक नहीं चलेंगी। वापसी में, गेवरा रोड से रायपुर आने वाली मेमू (68745) और कोरबा से रायपुर आने वाली पैसेंजर (58203) ट्रेन का परिचालन 22 जून से 03 जुलाई तक रद्द रहेगा।

### बीच रास्ते में समाप्त होने वाली और देर...

बजाय बिलासपुर स्टेशन से ही अपनी यात्रा प्रारंभ करेगी। देरी से चलने वाली ट्रेनों की बात करें तो 01 जुलाई 2026 को कोरबा से चलने वाली कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (18237) अपने निर्धारित समय से 02 घंटे की देरी से रवाना की जाएगी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पंजीयन शिविर का शुभारंभ

**रायपुर।** जिले में पंजीयन शिविर का शुभारंभ हुआ। जनपद पंचायत धरसीवां के सेवा सदन में तीन दिवसीय इस पंजीयन शिविर का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला सेन ने किया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर पंचायत कुर्रा, विद्युत विभाग, कृषि, राजस्व, खाद्य, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मत्स्य एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों ने हितग्राहियों का पंजीयन किया तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के पहले दिन लगभग 100 हितग्राहियों ने पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ उठाया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि मंडपम में होने वाले योग कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने बैठक ली। इस कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि होंगे। स्कूल एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों सहित आम लोग भी यहां करने पहुचेंगे। जिला पंचायत परिसर स्थित सभाकक्ष में हुई बैठक में सीईओ ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 200 कलाकारों ने मंत्री संग की मार्गदर्शन बैठक



**रायपुर।** प्रदेशभर के 200 वरिष्ठ संस्था संचालक कलाकारों ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हृदय प्रकाश अनंत के नेतृत्व मे छग शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब संग अपनी विभिन्न 10 सूत्रीय समस्याओं के लेकर मार्गदर्शन बैठक की। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि कलाकार धर्म, कला-संस्कृति परम्परा के सच्चे संवाहक, संरक्षक, सामाजिक चिंतक व समाज सुधारक हैं। कलाकारों ने सदा गुरु के विचार संदेश, प्रदेश की कला-संस्कृति, मान-सम्मान को देश विदेश तक आगे बढ़ाया है। गुरु घासीदास जयंती को पर्व के रूप मे हमारे पुरखों ने अच्छी तरह सोच-विचार के साथ स्थापित किया है। जयंती पर्व सामाजिक जागृति और सामाजिक संदेश गुरु संदेश को आगे बढ़ाने का प्रमुख केंद्रबिंदु है, जो आवश्यक सुधार के साथ सतत रूप से चलता रहेगा। बैठक का शुभारंभ सतनाम परंपरा के अनुसार गुरु वंदना, गुरु आरती से उपस्थित सभी 200 कलाकारों ने एक साथ किया। बैठक में प्रदेशभर के सभी नामी-गिरामी लगभग 200 वरिष्ठ कलाकारों के उपस्थिति रही। बैठक में गुरु सौरभ साहेब ने भी मार्गदर्शन, आशीर्वचन दिया। बैठक में प्रमुख रूप से पद्मश्री उषा बारले, शिवा जांगड़े, द्वारिका बर्मन, भगत गुलेरी, चंदन बांधे, दिलीप नवरत्न, वीरेंद चतुरवेदी, अमित कमल कोशले, रामबिलास खूंटे, शशि सतनामी, हेमलाल चतुरवेदी, मनोज ऑडिल, दिलीप डहरिया समेत बड़ी संख्या में कलाकारों की उपस्थिति रही।

### प्राचार्या किरण ठाकुर ने लिया अंगदान का संकल्प

**रायपुर।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के तहत मानवता और जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल उपरवारा की प्राचार्या किरण ठाकुर ने अंगदान का संकल्प लिया है। उनके इस संकल्प के लिए कलेक्टर गौरव सिंह ने सम्मान पत्र प्रदान कर उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है।

# लोकल मालभाड़ा हजार रुपए तक बढ़ा, राष्ट्रीय स्तर पर अभी इजाफा नहीं

**बाजार में मंदी का दौर, डिमांड कम होने के कारण राष्ट्रीय स्तर के ट्रांसपोर्टरों ने अभी नहीं बढ़ाया है भाड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पेट्रोल और डीजल के दामों में इजाफा होने के कारण लोकल वाहन चालकों ने तो मालभाड़ा पांच सौ से हजार रुपए तक बढ़ा दिया है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर बाहर के राज्यों से आने वाले माल का भाड़ा अभी नहीं बढ़ा है। कारोबारियों के मुताबिक अभी बाजार में बहुत ज्यादा मंदी का दौर चल रहा है। जब सामान की डिमांड ही बहुत कम है और माल भी कम आ रहा है, तो ट्रांसपोर्टरों ने अभी भाड़ा नहीं बढ़ाया है। आने वाले समय में मानसून में भी डिमांड कम रहने वाली है, ऐसे में अभी दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों का मालभाड़ा बढ़ने की संभावना कम ही है। प्रदेश की सबसे बड़ी मंडी डूमरतराई है। यहां पर देश के लगभग हर राज्य के किराना सामान और अनाज आता और जाता है। इस मंडी में अब तक पेट्रोल और डीजल के बढ़े दाम का मालभाड़े पर कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। कारोबारियों के मुताबिक जिस भी राज्य से यहां पर सामान आ रहा है, अभी पुरानी कीमत पर ही आ रहा है, ट्रांसपोर्टरों ने मालभाड़ा नहीं बढ़ाया है। इसके पीछे का कारण कारोबारी यह बताते हैं कि डूमरतराई मंडी में रोज जितने वाहनों में माल आता है, उतने वाहनों में माल नहीं आ रहा है। बाजार इतना ज्यादा मंदा है कि करीब 40 फीसदी कारोबार प्रभावित है। यही स्थिति देश के और राज्यों की भी है। ऐसे में परिवहन संघ वाले मालभाड़ा बढ़ाकर परेशानी नहीं मोल लेना चाहते हैं। इस समय तो इतनी ज्यादा प्रतिस्पर्धा है कि ट्रांसपोर्टर जितना भाड़ा मिल रहा है, उसमें सामान लाने और ले जाने का काम कर रहे हैं। ज्यादातर वाहन मालिक ऋण लेकर ट्रक लेते हैं। ऐसे में उनको अपने वाहन की किस्तों की चिंता रहती है। अगर माल ही नहीं मिलेगा तो किस्तें कैसे जमा करेंगे। यही वजह है कि मालभाड़ा नहीं बढ़ाया गया है।

### सब्जियों का लोकल भाड़ा बढ़ा

सब्जी मंडी में लोकल भाड़ा बढ़ा दिया गया है। अन्य सामान ले जाने वाले वाहन मालिकों ने माल मालभाड़ा नहीं बढ़ाया है। डूमरतराई सब्जी मंडी के अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी के मुताबिक रायपुर से प्रदेश के अलग-अलग शहरों में माल ले जाने का भाड़ा पांच सौ से हजार रुपए तक बढ़ गया है। बाहर के राज्यों से आने वाली सब्जियों में अभी मालभाड़ा ज्यादा नहीं बढ़ा है। कुछ ने थोड़ा बहुत भाड़ा बढ़ाया है। सब्जी मंडी में मंदी जैसी स्थिति नहीं है। सब्जियां रोज की जरूरत होने के कारण इसका कारोबार सामान्य चल रहा है। पहले जितने ट्रक माल आता था, आज भी उतने ही ट्रक माल आ रहा है।




### मंदी, इसलिए नहीं बढ़ा भाड़ा

डूमरतराई बाजार में इस समय मंदी का दौर चल रहा है। मंदी के कारण यहां पर जिन भी राज्यों से माल आता है और जो लोकल ट्रांसपोर्टर यहां से माल रायपुर सहित अन्य शहरों में ले जाते हैं, उनका कोई भाड़ा नहीं बढ़ा है।

- प्रेम पाहूजा, अध्यक्ष डूमरतराई थोक बाजार एसोसिएशन

**अमर पारवानी के नेतृत्व में हुई मुलाकात**

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से कैट प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट, व्यापार विकास के साझा संकल्प पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से लोकभवन में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष ओम बिरला का कोसा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश के व्यापारिक समुदाय की ओर से छत्तीसगढ़ के व्यापार, उद्योग, उद्यमिता एवं आर्थिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।

अमर पारवानी ने बताया कि चर्चा के दौरान प्रदेश में व्यापार एवं उद्योग के विकास की संभावनाओं, स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहन, व्यापारिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा रोजगार सृजन में व्यापारिक समुदाय की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि व्यापार और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं तथा देश और प्रदेश की आर्थिक प्रगति में व्यापारिक समुदाय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकसभा अध्यक्ष के साथ हुई चर्चा सकारात्मक, एवं भविष्य की संभावनाओं से परिपूर्ण रही।" इस अवसर पर श्री पारवानी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को आगामी दिनों में नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होने वाले देश के सबसे बड़े ट्रेड फेयर की जानकारी दी। इस पर ओम बिरला ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय व्यापार, उद्यमिता एवं स्वदेशी उत्पादों को नई पहचान प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री पारवानी ने बताया कि कैट वोकल फॉर लोकल के राष्ट्रीय संकल्प को आगे बढ़ाते हुए देशभर के व्यापारियों, उद्यमियों एवं निर्माताओं को 'लोकल टू ग्लोबल' का एक सशक्त अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने जा रहा है, जिससे भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने तथा नए व्यापारिक अवसरों के सृजन को बल मिलेगा।

प्रतिनिधिमंडल में कैट के राष्ट्रीय चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन,सुरेंद्र सिंह, जीवत बजाज, अवनीत सिंह, विजय पटेल, जयराम कुकरेजा, मधु अरोरा, नवीन शर्मा एवं विक्रांत राठौर शामिल रहे।

### चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ओम बिरला से मिला



*छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्षसतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में व्यापारियों की भूमिका और व्यापार को सरल बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण सुझाव व अभिनंदन पत्र सौंपा। चैंबरप्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने लोकसभा अध्यक्ष को सौंपे ज्ञापन में देश के छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों को राहत देने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत कागजी कार्रवाई के बोझ को और सरल करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने जीएसटी से संबंधित सुझाव देते हुए कहा कि-जब भी संसद की स्थायी समितियां जीएसटी, प्रत्यक्ष कर या लेबर लॉ जैसे व्यापार और उद्योग से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों पर चर्चा करें, तो देश के प्रमुख चैंबर के प्रतिनिधियों के व्यावहारिक सुझावों को भी उसमें अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने श्री बिरला का ध्यान स्थानीय युवाओं केकौशल विकास और ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग की ओर आकर्षित किया। चैंबर ने मांग की है कि प्रादेशिक उद्योगों के विकास के लिए सरकारी नीतियों को और अधिक व्यवहारिक व सुलभ बनाया जाए जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकें।*

# बारिश पूर्व लचर सफाई व्यवस्था की महापौर मीनल से शिकायत

**जोन 6 के पार्षदों ने बताई परेशानी**



### सफाई गैंग में निर्धारित संख्या से कम कर्मचारी आने पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में जोन 6 के वार्ड पार्षदों ने गांधी सदन में महापौर मीनल चौबे से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बारिश से पूर्व सफाई की व्यवस्था को लचर बताते हुए नाराजगी जाहिर की। पार्षदों का ये भी कहना है कि वार्ड विकास के छोटे-छोटे कार्यों की स्वीकृति के लिए उन्हें मुख्यालय पर निर्भर रहना पड़ता है। इससे विकास कार्यों की मंजूरी में समय ज्यादा लग रहा है। बारिश पूर्व गंदे पनी के सुगम निकास और अच्छी सफाई की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। महापौर मीनल चौबे ने संबंधित जोन अधिकारियों के वार्डों की लचर सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए जमकर फटकार लगाई। साथ ही वार्डों के पार्षदों से समन्वय बनाकर बारिश पूर्व वार्डों की सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

महापौर ने सफाई कामगारों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने जोन 6 अधिकारियों को निर्देशित किया। महापौर से मुलाकात करने वालों में जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, अंजली -जितेन्द्र गोलछा, प्रमोद साहू, रमेश सपहा, रवि सोनकर, पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण नायक शामिल रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दो दिवसीय योग महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर भारतीय योग संस्थान, रायपुर द्वारा दो दिवसीय योग महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने 20 जून को बालाजी विद्या मंदिर देवेंद्र नगर में भारतीय योग संस्थान के समस्त योग प्रेमी एकत्रित होकर सामूहिक योग साधना करेंगे, साथ ही जगह-जगह प्रभात फेरी निकलेंगे और प्रहसन के माध्यम से जागरूक करेंगे तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रायपुर में लगभग 65 योग केंद्र, जैसे मंदिर प्रांगण, पार्क, धर्मशाला, कॉलोनी आदि स्थानों में योग के विभिन्न कार्यक्रम होंगे एवं किसी भी संस्थान, संगठन, कार्यालय, विद्यालय अथवा महाविद्यालय द्वारा आमंत्रित किए जाने पर भारतीय योग संस्थान रायपुर के लगभग 200 प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक निशुल्क योग प्रशिक्षण एवं योग जागरण सेवाएं प्रदान करने के लिए सहर्ष उपलब्ध रहेंगे। जिन संस्थान, संगठन, कार्यालय, विद्यालय अथवा महाविद्यालय को निशुल्क योग प्रशिक्षक की आवश्यकता हो, वे मुकेश सोनी, राजेश. डागा, राजेश अग्रवाल, केआर साहू से सम्पर्क कर स्थान और समय तय कर सकते हैं।

## यूनिसेफ इंडिया की चीफ ऑफ फील्ड सर्विसेज सोलेदाद हेरेरो का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यूनिसेफ इंडिया की चीफ ऑफ फील्ड सर्विसेज सोलेदाद हेरेरो ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और कोंडागांव जिलों के दो दिवसीय दौरे का समापन किया। इस दौरान उन्होंने दूरस्थ



आदिवासी समुदायों में बच्चों और परिवारों के लिए स्वास्थ्य, पोषण, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा तथा मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने राज्य सरकार द्वारा संचालित अभिनव पहलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उनके साथ यूनिसेफ छत्तीसगढ़ की प्रमुख सीमा कुमार तथा यूनिसेफ की राज्य टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। नारायणपुर जिले के अकाबेड़ा गांव में सोलेदाद हेरेरो ने समुदाय के सदस्यों, फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय अधिकारियों से संवाद किया और आवश्यक सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए संचालित विभिन्न पहलों को नजदीक से देखा। इनमें हाट बाजार में आयोजित स्वास्थ्य शिविर, गंभीर तीव्र कुपोषण से पीड़ित बच्चों के लिए संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने वाली मोटरसाइकिल एम्बुलेंस सेवा तथा दूरस्थ समुदायों तक सरकारी सेवाएं पहुंचाने वाली 'सुशासन एक्सप्रेस' जैसी पहलें शामिल थीं। इस दौरान सोलेदाद हेरेरो और सीमा कुमार ने नारायणपुर की कलेक्टर नम्रता जैन और कोंडागांव की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना से भी मुलाकात की।

## प्रथम प्रयास में सीए बनीं रीया, परिवार को किया गौरवान्वित

रायपुर। राजधानी रायपुर की होनहार छात्रा रीया सवाड़िया ने अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प के बल पर चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। बचपन से ही मेधावी रहीं रीया ने सीए की सभी परीक्षाएं प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर



अपनी असाधारण योग्यता का परिचय दिया है। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए रीया ने कहा कि उन्हें सबसे अधिक प्रेरणा अपने पिता मधुसूदन सवाड़िया तथा अपने बड़े भाई रविशंकर सवाड़िया से मिली। उन्होंने बताया कि दोनों ही शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त कर चुके हैं और सदैव उनके मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रीया के पिता मधुसूदन सवाड़िया वर्तमान में इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) में अकाउंटेंट सदस्य के पद पर कार्यरत हैं। वहीं उनके भाई रविशंकर सवाड़िया वर्तमान में सहायक निदेशक, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) रायपुर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## बिजली बिल का झटका आम लोगों को रुला रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा सरकार जब से बनी है, लगातार तीसरी बार बिजली बिल का बड़ा झटका आम लोगों को लगा है। जिस प्रकार कांग्रेस की सरकार ने बिजली बिल हॉफ योजना लाकर आम लोगों को भारी



राहत देने का काम किया था। भाजपा की सरकार बनते ही पहले हॉफ बिजली बिल योजना बंद की, फिर लगातार तीसरी बार बिजली बिल में बढ़ोतरी कर सरकार सभी वर्गों का बजट बिगाड़ने का काम किया है। खासतौर पर दिहाड़ी मजदूर, जो 200, 250 रुपए रोजी-रोटी कमाने वाले लोग हैं, उनका बिजली बिल भी भारी-भरकम आने लगा है। अभी वर्तमान में 30 से 50 पैसे तक प्रति यूनिट बढ़ोतरी करने से अगले माह से भारी वृद्धि तय है। 175 से 250 रुपए तक की बढ़ोतरी होना तय है। लोग भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार की याद कर रहे हैं, जो आम लोगों की सुविधा के लिए बिजली बिल हॉफ योजना लाकर राहत देने का कार्य किए कोरोनाकाल में भी विषम परिस्थिति में हॉफ योजना देकर लोगों को राहत पहुंचाई। वहीं ये भाजपा सरकार आपदा को अवसर में बदलकर आज भारी महंगाई बढ़ने के बाद आम लोगों पर भारी बोझ डालकर बिजली बिल में प्रति यूनिट 50 पैसे बढ़ाने का काम किया है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बिजली बिल में प्रति यूनिट 50 पैसे की वृद्धि को तुगलकी निर्णय बताया है।

## पीएम वीबीआरवाय का वर्चुअल कार्यक्रम आज

**रायपुर।** प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना के सफल कार्यान्वयन के उपलक्ष्य में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 19 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में राष्ट्रीय कार्यक्रम पीएम-वीबीवाय का आयोजन किया गया है। इस दौरान पीएम मोदी डीबीटी के माध्यम से लगभग 2400 करोड़ की राशि लाभार्थियों को वितरित करेंगे। साथ ही देशभर में 200 स्थानों पर, विशेषकर प्रमुख औद्योगिक एवं रोजगार केंद्रों में क्षेत्रीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा एम्स सभागार में शुक्रवार को शाम 4 बजे पीएम श्री मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे।

**अधिक मामलों में वंशानुगत आती है यह समस्या**

# शरीर पर कांटे जैसी परत, जीन म्यूटेशन के कारण उत्पन्न हुई बीमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एम्स में चिकित्सा विशेषज्ञों की एक बहु-विषयक टीम ने इक्थियोसिस हाइस्ट्रिक्स से पीड़ित एक बच्ची का व्यापक उपचार शुरू किया है, जो कि एक अत्यंत दुर्लभ जन्मजात त्वचा रोग है। इस बीमारी में शरीर पर मोटी, अत्यधिक केराटिनयुक्त और साही के कांटों जैसी परतें बनने लगती हैं। इस रोग की जटिलताओं को दूर करने के लिए, एम्स रायपुर ने समग्र चिकित्सा, पोषण और सामाजिक-मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करने के लिए त्वचा रोग विशेषज्ञों, शिशु रोग विशेषज्ञों, आनुवंशिकी विशेषज्ञों, पोषण विशेषज्ञों और मेडिकल सोशल सर्विस ऑफिसर्स की एक समर्पित संयुक्त टीम तैनात की है। एम्स निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने कहा, दुर्लभ बीमारियों का प्रबंधन केवल दवाओं तक सीमित नहीं होता, बल्कि इसके लिए वास्तव में एक बहु-विषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।

■ आनुवंशिक जांच के साथ होगी त्वचा की बायोप्सी

एम्स रायपुर में त्वचा रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, आनुवंशिकी विशेषज्ञ, पोषण विशेषज्ञ, मेडिकल सोशल सर्विस ऑफिसर और अन्य विशेषज्ञ मिलकर व्यापक और संवेदनशील देखभाल प्रदान कर रहे हैं। हमारा ध्यान न केवल बीमारी के इलाज पर है, बल्कि बच्चे और परिवार की पोषण संबंधी, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने पर भी है। देखभाल का यह एकीकृत मॉडल सुलभ, उन्नत और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### स्थानीय उपचार प्रारंभ

इस विशिष्ट उपचार का नेतृत्व एम्स रायपुर के त्वचा रोग विभाग की अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. नम्रता छाबड़ा कर रही हैं। डॉ. छाबड़ा के अनुसार, इक्थियोसिस हाइस्ट्रिक्स जन्मजात इक्थियोसिस का एक दुर्लभ प्रकार है जो या तो वंशानुगत हो सकता है या जीन म्यूटेशन के कारण स्वतः उत्पन्न हो सकता है। इस विशिष्ट मामले में, परिवार में इस बीमारी का कोई पुराना इतिहास नहीं है, जो इसके स्वतः उत्पन्न होने का संकेत देता है। मेडिकल टीम ने पहले ही स्थानीय उपचार शुरू कर दिया है और सटीक आणविक निदान की पुष्टि के लिए उन्नत आनुवंशिक जांच के साथ-साथ त्वचा की बायोप्सी भी निर्धारित की है। इसके अतिरिक्त, आंखों, सुनने की क्षमता और हड्डियों से संबंधित संभावित जटिलताओं की भी जांच की जा रही है, जो कभी-कभी इस बीमारी से जुड़ी हो सकती हैं।

### हो जाती है शरीर में पानी की कमी

आंकड़ों के अनुसार, कई मरीजों में उम्र बढ़ने के साथ त्वचा के लक्षणों में क्रमिक सुधार होता है। हालांकि, संक्रमण, शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन), तापमान नियंत्रण में कठिनाई और गंभीर पोषण संबंधी कमियों के उच्च जोखिम के कारण शिशु अवस्था के दौरान इसकी निरंतर निगरानी आवश्यक है।

**परिवार सैर करने मैनपाट गया था**

## सेवानिवृत्त अधिकारी के सूने मकान में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाना में बिजली विभाग के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ नकदी 50 हजार रुपए सहित साढ़े तीन लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित को घटना की जानकारी उनके यहां काम करने वाली नौकरानी के माध्यम से मिली। पुलिस घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पतासाजी कर रही है।

■ डीडीनगर थाना क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ कालोनी की घटना

इंद्रप्रस्थ फेस-01 निवासी सुमन राज शर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 15 जून की सुबह करीब आठ बजे वे अपनी पत्नी और बेटी के साथ अंबिकापुर-मैनपाट घूमने के लिए घर से निकले थे। घर के सभी कमरों और मुख्य दरवाजे पर ताला लगाने के बाद उन्होंने साफ-सफाई और देखरेख के लिए एक चाबी अपनी नौकरानी सोनी धीवर को सौंप दी थी। 17 जून की दोपहर करीब 12.20 बजे नौकरानी ने फोन कर बताया कि घर में चोरी हो गई है। उसने मुख्य दरवाजे और किचन का ताला टूटा हुआ देखा और घर का सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलने पर सुमन शर्मा उसी रात करीब 9.30 बजे परिवार सहित रायपुर लौटे। घर पहुंचकर उन्होंने देखा कि अलमारियां खुली हुई हैं और कमरों का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा है।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 19 जून 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04

रूखे बालों से हैं परेशान तो बदलते ...

## सिटी इवेंट

### एम्स कॉमन रिक्रूटमेंट एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 1484 पदों पर होगी भर्ती




**रायपुर।** एम्स कॉमन रिक्रूटमेंट एग्जाम सीआरई-5 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो उम्मीदवार ग्रुप-बी और सी के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। वे उम्मीदवार एम्स सीआरई-5 के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के तहत ग्रुप-बी और सी के कुल 1484 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। सीआरई-5 में आवेदन करने की लास्ट डेट 30 जून निर्धारित की गई है। इसके अलावा, सीबीटी परीक्षा का आयोजन 25 से 27 जुलाई के बीच किया जाएगा। कैटेगरी के आधार पर उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना होगा।

#### इतनी होगी फीस

जनरल एवं ओबीसी उम्मीदवारों के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 3,000 रुपये और एससी एवं एसटी व ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 2,400 रुपये निर्धारित की गई है। हालांकि दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस में छूट दी गई है। 400 अंकों के 100 बहुविकल्पीय प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। सीबीटी परीक्षा में उम्मीदवारों से सामान्य ज्ञान और कंप्यूटर आदि विषयों से 400 अंकों के 100 बहुविकल्पीय प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा में प्रत्येक सवाल चार अंकों का होगा। परीक्षा में गलत उत्तर के लिए एक-चौथाई अंक की नेगेटिव मार्किंग भी की जाएगी। परीक्षा में पास होने के लिए जनरल और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के उम्मीदवारों को 40 प्रतिशत अंक, ओबीसी उम्मीदवारों को 35 प्रतिशत अंक और एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। आवेदन करने के उम्मीदवारों की पदानुसार अधिकतम आयु 27, 30 और 35 वर्ष निर्धारित की गई है। हालांकि विशेष वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में कुछ विशेष छूट भी दी जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को पांच वर्ष की छूट, ओबीसी उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट और दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक, स्नातकोत्तर व अन्य निर्धारित पात्रताएं होना चाहिए।

● नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं प्राप्तांकों के आधार पर कॅरियर के लिहाज से विषयों और स्कूलों का कर रहे चयन

# टॉप सरकारी हायर सेकंडरी स्कूलों में साइंस संकाय 80 प्रतिशत, कॉमर्स और कला में 70 फीसदी के पार कटऑफ

*हाईस्कूल की पढ़ाई पूरी कर हायर सेकेण्डरी में प्रवेश के लिए संकायवार विषयों का चयन नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के कॅरियर की दिशा तय करेगा। ऐसे में बड़ी सावधानी से विद्यार्थी अपने रुचि के मुताबिक संकाय विषयों का चयन कर रहे हैं, ताकि वे अपनी पसंद के क्षेत्र में भविष्य बना सकें। हाईस्कूल 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके हैं।*



**रायपुर।** सफल हुए छात्र-छात्राएं हायर सेकेंडरी की 11वीं कक्षा में नवप्रवेशी के रूप में प्रवेश ले रहे हैं। ऐसे में हाईस्कूल से हायर सेकेंडरी संकायवार शिक्षा पद्धति में प्रवेश ले रहे इन विद्यार्थियों की रुचि किसी संकाय के विषयों को लेकर घटी या बढ़ी है। इसकी जानकारी व प्रवेश प्रक्रिया की स्थिति जानने शहर के प्रमुख सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूलों में उपलब्ध संकायों, नवप्रवेशी बच्चों की रुचि से जुड़े विषयों को लेकर उन हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों से बातचीत की गई। इस पर स्कूल के प्राचार्यों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### विज्ञान-वाणिज्य संकाय का अधिक चयन

जेएन पांडेय हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य सुचिता पांडेय ने बताया कि उनके स्कूल में गणित, विज्ञान, वाणिज्य, कला संकाय में 11वीं कक्षा के लिए प्रवेश जारी है। सभी संकायों के लिए 45 से 50 सीटें निर्धारित हैं। कला संकाय में 51 से 55 प्रतिशत कटऑफ, साइंस ग्रुप में विज्ञान संकाय में 60 प्रतिशत, गणित संकाय के लिए 60 से ऊपर कटऑफ रखा गया है। वहीं वाणिज्य संकाय के लिए 56 से 60 प्रतिशत तक कटऑफ रखा गया है। 10वीं से 11वीं कक्षा में नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं में विज्ञान संकाय व कॉमर्स संकाय के लिए विगत कुछ वर्षों में रुचि बढ़ी है।

### साइंस ग्रुप में अधिकतम 80 प्रतिशत तक कटऑफ

मायाराम सुरजन हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय चौबे कॉलोनी में 11वीं कक्षा में गणित, विज्ञान, वाणिज्य, कला चार संकाय उपलब्ध है। बॉयोलाजी, गणित संकायों में प्रवेश के लिए अधिकतम 80 प्रतिशत तक कटऑफ रखा गया है। वहीं 70 प्रतिशत से ऊपर वाणिज्य संकाय और कला संकाय के लिए 69 से नीचे प्राप्तांक कटऑफ निर्धारित है। 11वीं कक्षा के लिए एडमिशन की प्रक्रिया विद्यालय में शुरू हो चुकी है। कॅरियर के लिहाज से छात्र-छात्राएं संकायों का चयन कर रहे हैं। वैसे तो गणित, कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय सभी के लिए बड़ी संख्या में प्रवेश हो रहे हैं, लेकिन नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं में विज्ञान व वाणिज्य को लेकर अच्छा-खासा रुझान देखा जा रहा है।



### कला-वाणिज्य संकाय की दो सेक्शन में पढ़ाई

जेआर दानी शासकीय कन्या उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय के प्राचार्य हितेश दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि 11वीं कक्षा में नवप्रवेशी बालिकाओं के लिए गणित, विज्ञान, वाणिज्य, कला, होम सांइस संकाय सहित व्यावसायिक विषय भी उपलब्ध हैं। 10वीं से 12वीं तक स्कूल में विगत वर्ष दर्ज संख्या 1700 के आसपास रही है। हमारे विद्यालय में किसी भी संकाय में प्रवेश के लिए सीटों का कोई बंधन नहीं है। स्कूल में विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय व कला संकाय में अधिक बालिकाओं के प्रवेश को देखते हुए विज्ञान, वाणिज्य, कला संकाय के लिए दो-दो सेक्शन में पढ़ाई करानी पड़ती है। गणित के लिए मात्र एक सेक्शन में पढ़ाई होती है।

### हिंदी माध्यम से कॉमर्स संकाय में प्रवेश का आंकड़ा ज्यादा

स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट अंग्रेजी-हिंदी एक्सीलेंस स्कूल लालपुर की प्राचार्य अंजूलता सारस्वत ने बताया कि उनके यहां इंग्लिश व हिंदी दो माध्यम से पढ़ाई होती है। हिंदी माध्यम में 11वीं कक्षा के लिए गणित, विज्ञान और वाणिज्य संकाय उपलब्ध है। वहीं इंग्लिश मीडियम में गणित व विज्ञान दो संकाय में पढ़ाई होती है। इस सत्र में 10वीं में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थी 11वीं कक्षा में प्रवेश ले रहे हैं। इंग्लिश मीडियम में विज्ञान संकाय में गणित संकाय के मुकाबले बच्चों की संख्या ज्यादा रहती है। वहीं हिंदी माध्यम में कॉमर्स संकाय में सबसे अधिक बच्चे प्रवेश लेते हैं। स्कूल में दोनों ही माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## सिटी इवेंट

### योगाभ्यास से रहेंगे निरोगी इसे दिनचर्या में करें शामिल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा कॉलेज में 2 जून से 20 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कॉलेज में आयोजित किए गए योग शिविर में योगाचार्य संजय शर्मा द्वारा योग, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से निरोग रहने की शिक्षा के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा से भी अवगत कराया जा रहा है। डॉ. रंजना मिश्रा के निर्देशन में इस आयोजन के दौरान योग में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के साथ-साथ सामान्यजन भी हिस्सा लेकर योगाभ्यास का लाभ नियमित ले रहे हैं। योग का सर्वाधिक लाभ विद्यार्थियों को मिल सकता है, अगर विद्यार्थी अध्ययन के साथ नियमित योगाभ्यास करें तो सफलता कदम चूमेगी।

#### स्वस्थ रहकर देश के विकास में योगदान दें

यह जानकारी देते हुए डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि योग शिविर का समापन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को किया जाएगा। इस अवसर पर शिविर के माध्यम से 20 दिन तक योगाभ्यास करने वाले सभी प्रतिभागी नियमित योगाभ्यास का संकल्प लेंगे, ताकि स्वस्थ रहकर भारत के विकास में अपना योगदान दे सकें। साथ ही योग गुरुओं द्वारा प्रतिभागियों को प्रतिदिन एक तय समय में योग करने के लिए जोर देते हुए बताया गया कि इससे निरोगी जीवन मिलेगा। अभ्यास करते देखकर परिवार के अन्य लोग भी इसे जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित होंगे।

### इंदिरा गांधी कृषि विवि में तीन दिवसीय योग कार्यशाला शुरू



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय योग कार्यशाला एवं योग प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर होगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस कृषि मंडपम विश्वविद्यालय परिसर में योग कार्यशाला में 85 प्रतिभागियों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। योग प्रशिक्षक संगीता निर्मलकर द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। उन्होंने नियमित योग के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी भी प्रदान की। कार्यशाला का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व का प्रचार-प्रसार करना है। यह कार्यशाला 20 जून तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 7 बजे तक आयोजित की जाएगी।

पंडवानी गायिका प्रभा यादव और लोकगायिका कविता वासनिक की विशेष प्रस्तुति

## संस्कृति शिल्प मड़ई आज से गूंजेंगे पंडवानी और लोकगीत

*महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में तीन दिवसीय संस्कृति शिल्प मड़ई का आज से भव्य आगाज होगा। आयोजन के पहले दिन शाम 7 बजे प्रसिद्ध पंडवानी गायिका प्रभा यादव और प्रसिद्ध लोकगायिका कविता वासनिक के दल अनुराग धारा की रंगारंग प्रस्तुति होगी। वहीं सुबह 11 बजे से विलुप्त होते लोकवाद्य, विलुप्त होते कृषि यंत्र, ढेलवा झूला तथा स्थानीय शिल्प कलाकारों की कलाकृति की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।*





**रायपुर।** यह आयोजन धरोहर शैक्षणिक, सामाजिक सांस्कृतिक संस्थान द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से किया गया है। यह आयोजन 19 से 21 जून तक संस्कृति महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के परिसर स्थित मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित होंगे। वहीं कलाकारों की कलाकृति की प्रदर्शनी कला वीथिका आर्ट गैलरी व परिसर में लगाई जाएगी। संस्कृति शिल्प मड़ई का उद्घाटन शाम 7 बजे समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी करेंगे।

**समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी करेंगे**

## पंजाबी सनातन सभा की पहल मेधावी बच्चों का होगा सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा प्रतिभा सम्मान की तैयारी में है। लगातार 10वें वर्ष भी सनातन सभा की पहल पर प्रतिभाशाली युवाओं की हौसला-अफजाई की जाएगी। सभा के संरक्षक सुनील डोंगर, अध्यक्ष सतिंदर कोहली, महासचिव राजीव विग और सचिव अश्विनी विग, कोषाध्यक्ष विकास मोदी एवं मीडिया प्रभारी रोहित अरोड़ा ने प्रेसवार्ता में बताया कि पंजाब केसरी भवन जोरा में 21 जून को सभी सनातनी पंजाबी परिवारों के होनहार बेटे-बेटियों का सम्मान किया जाएगा। इसमें कक्षा 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं की परीक्षा में प्रथम श्रेणी अथवा ए ग्रेड या 75% और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में विशेष उपलब्धि हासिल करने वालों एवं कला, संगीत, खेल या किसी अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त करने वालों का सम्मान किया जाएगा।

### सनातन सभा को अब तक मिले 35 आवेदन

सभा को अब तक 35 बच्चों के आवेदन मिल चुके हैं। सभा के आजीवन सदस्य अजय भटनागर के सुपुत्र बैडमिंटन के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ईशान भटनागर का भी इस दौरान सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने हाल ही में दो मिश्रित प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीतकर देश-प्रदेश का गौरव बढ़ाया। सभा द्वारा दो एमबीबीएस पास करने वाले डॉक्टर एवं एमएससी गोल्ड मेडल विजेता का भी सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर ऐसे सभी प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया जाएगा, जो खेल में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने में सफल हुए है। अश्विनी विग ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने दायित्व तय किया गया है।



मानसून सीजन के मुताबिक फार्मल आउटफिट और स्टेशनरी की खरीदारी

# कॉपी-किताबें, यूनिफार्म, फैशनेबल आउटफिट की डिमांड से लौटी बाजार में रौनक, खरीदारों की उमड़ी भीड़

कार्नर न्यूज

स्कूल-कॉलेज के नए सत्र के साथ ही बाजार में रौनक छा गई है। पैरेंट्स व कॉलेज स्टूडेंट्स पढ़ाई-लिखाई के लिए जरूरी स्टेशनरी, यूनिफार्म और फैशनेबल आउटफिट की जमकर खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। शहर के गोलबाजार से लेकर सदरबाजार, संतोषी नगर चौक स्थित स्टेशनरी, क्लाथ स्टोर, फैशन हाउस, बैग हाउस पर पैरेंट्स व स्टूडेंट्स की भीड़ नजर आ रही है।

### राइटिंग कॉपी की 50 से 100 रुपए तक कीमत

पिक्चर कवर में स्टार, बैलून, बादल, सूरज, इंद्रधनुष, फ्लॉवर्स, कार, डॉल कार्टून प्रिंट वाली जंबो स्पार्कलिंग कॉपी कलर बुक्स नर्सरी के बच्चों के लिए दुकान में उपलब्ध है। सिंगल लाइन, फोर लाइन राइटिंग कॉपी 175 से 300 पेज तक की 50 से 100 रुपए कीमत तक मिल रही है। इसी तरह के नर्सरी व उसकी समकक्ष कक्षाओं के बच्चों के लिए 100 से 140 रुपए तक कीमत में कॉपी उपलब्ध हो रही हैं। पैरेंट्स स्कूलों के अलावा ट्यूशन व होम स्टडी के लिए भी बच्चों को स्टेशनरी किट मुहैया करा रहे हैं।





**रायपुर।** गोलबाजार के स्टेशनरी व्यापारियों से नर्सरी के बच्चों के लिए उपलब्ध स्टेशनरी सामान व कीमतों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हर शैक्षणिक सत्र की तरह इस बार भी नर्सरी सहित दूसरी कक्षाओं के लिए छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा की किताबें व सीबीएसई की किताबें नए कवर पेज व सिलेबस के साथ उपलब्ध हैं। वहीं रंगबिरंगे कार्टून पिक्चर कवर वाला पहाड़ा व कलर फिल इन नंबर बुक्स बाजार में बच्चों के लिए आए हैं। जिससे वे खेल-खेल में कार्टून के शेप में वन-टू नंबर्स को देख-लिखकर, रंग भरकर बहुत ही सरल व रचनात्मक तरीके से पहाड़ा, गिनती सीख सकेंगे। स्टेशनरी विक्रेताओं ने बताया कि इस तरह के क्रिएटिव कार्टून पिक्चर वाले बुक्स, पहाड़ा बच्चों की पहली पसंद बने हुए हैं। इसकी कीमत 50 से 55 रुपए तक है।

### स्पेसमैन, डॉल प्रिंट वाली पेंसिल बॉक्स

स्टेशनरी की दुकानों पर एक से बढ़कर एक डिजाइनदार पेंसिल व बॉक्स भी आए हैं। इसमें स्पेशमैन प्रिंट, मोटू-पतलू, स्पाइडर मैन प्रिंटेड पेंसिल बॉक्स बच्चों को बहुत पसंद आ रहे हैं। शका-लका बूम-बूम की पेंसिल भी आई हुई है। इस तरह से पेंसिल बॉक्स 40 से 80 रुपए तक में उपलब्ध है। वहीं डिजाइनदार पेंसिल प्रति नग 20 रुपए कीमत की है।

### मानसून सीजन के अनुरूप फैशन

कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए मानसून सीजन के मुताबिक फार्मल आउटफिट में पॉलिएस्टर-ब्लेंड स्लिम-फिट ट्राउजर, रेनकोट, वाटरप्रूफ बैग पहली पसंद बन रही है। वहीं स्कूली बच्चों के लिए भी पैरेंट्स यूनिफार्म के साथ ही फार्मल ड्रेस, रेनकोट आदि की खरीदारी कर रहे हैं।

समाज लाइव

## देवकीनंदन ठाकुर की भागवत कथा 8 से, लोकसभा अध्यक्ष को दिया निमंत्रण



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन द्वारा 8 जुलाई से 14 जुलाई तक बुढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में देवकीनंदन ठाकुर के श्रीमुख से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल की अगवाई में किया जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता राजकुमार राठी ने बताया कि आज गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के रायपुर प्रवास के दौरान उन्हें भागवत कथा में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। इस दरमियान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। श्री राठी ने बताया कि 8 से 14 जुलाई तक रायपुर की पावन धरा पर देवकीनंदन ठाकुर द्वारा श्रीमद भागवत कथा के माध्यम से श्रीकृष्ण भक्ति एवं सनातन संस्कृति से जीवन को नई दिशा, मन को शांति, परिवार को संस्कार सहित समाज को एकता का संदेश दिया जाएगा। वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

इस दौरान विजय अग्रवाल, शिवरतन गुप्ता, सुभाष साहू, अशोक गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, राजीव अवस्थी, राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

सिटी लाइव

## संत कबीर प्रकटोत्सव की तैयारी पूरी, 21 को करेंगे भव्य ध्वजारोहण

**रायपुर।** इस साल भी सद्गुरु कबीर सत्संग समिति ने प्रकटोत्सव कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने की तैयारी शुरू की है। आमिन माता महिला मंडली न्यूपुरैना, अमलीडीह, न्यू राजेंद्र नगर, देवपुरी, लालपुर, कृष्णा नगर के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून यानी रविवार को देवपुरी स्थित कबीरहा पारा में सद्गुरु कबीर साहेब का प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

समिति के संरक्षक केदारनाथ साहू, अध्यक्ष रामकुमार साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष बार भी समिति द्वारा देवपुरी के कबीरहा पारा में संत कबीर प्रकटोत्सव मनाने की तैयारी शुरू की गई है।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे ध्वजारोहण, गुरु महिमा, बरसाईत पूर्णिमा महात्तम से किया जाएगा। इसमें समाज के लोगों की सहभागिता रहेगी।



### शोभायात्रा सहित दिनभर होंगे कई आयोजन

इसके बाद 11 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर संत रामू साहेब (मिरमिटी वाले) द्वारा सत्संग भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज जांगड़े पार्षद वार्ड-53 करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि विनय पंकज निर्मलकर पार्षद वार्ड-52 होंगे। इनकी उपस्थिति में होने वाले आयोजन को भव्य और व्यवस्थित रूप देने के लिए जिम्मेदारी तय की गई है। दिनभर चलने वाले इस आयोजन में सद्गुरु कबीर को मानने वाले लोगों की सुविधा के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई है। मीडिया प्रभारी अश्वनी साहू ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए केदारनाथ साहू ने जिम्मेदारी तय की है।

आराधना

## हाईटेक आंगनबाड़ी और प्ले स्कूल का शुभारंभ कल से



**रायपुर।** शहीद भगत सिंह वार्ड टाटीबंध में निर्मित आधुनिक आंगनबाड़ी-प्ले स्कूल का विधिवत शुभारंभ शनिवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। 91 वर्षीय सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक संस्था महाराष्ट्र मंडल द्वारा इसका संचालन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह भी मंडल की ओर से आयोजित किया जा रहा है। आधुनिक आंगनबाड़ी प्रभारी डॉ. शुचिता देशमुख ने बताया कि शनिवार को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत होंगे। वहीं महापौर मीनल चौबे और शहीद भगत सिंह वार्ड की पार्षद गायत्री-सुनील चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। उद्घाटन समारोह की तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 20 जून से मोहल्ले के बच्चों को वहां पढ़ाने, खेलने, लघु व्यायाम, भोजन के साथ बच्चों में संस्कार रोपित करने की दिशा में भी कार्य किए जाएंगे।

### आधुनिक आंगनबाड़ी में प्रवेश भी करा रहे पालक

इस केंद्र में आने वाले दिनों में तीन से छह साल एज ग्रुप के बच्चों के अभिभावक आवश्यक कागजात जमा कराकर अपने बच्चों को टाटीबंध में आधुनिक आंगनबाड़ी में प्रवेश भी दिला रहे हैं। आंगनबाड़ी में बच्चों की गतिविधियां सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित की जाएंगी। इसके लिए टीम वर्क की रूपरेखा की तैयारी की जा रही है, ताकि आने वाले बच्चों को संस्कार के साथ शिक्षा से जोड़ा जा सके। केंद्र में प्ले स्कूल की तरह सुविधा मिलेगी। इससे आसपास रहने वाले बच्चों को बेहतर सुविधा के साथ संस्कार भी दिए जाएंगे।

● विश्व सैर दिवस पर विशेष : स्वास्थ्य प्रेमियों की सलाह, सूर्योदय से पहले बिस्तर छोड़ने की आदत डालें

# प्रकृति के बीच सैर-सपाटे के लिए कई विकल्प, मरीन ड्राइव और उद्यानों में समय बिताने से मिलेगी ताजगी

'भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत के प्रति लोग उदासीन हैं। ऐसे लोगों को प्रकृति के बीच सैर करने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग से निरोगी जीवन की आस देने वाले विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि सूर्योदय से पहले बिस्तर छोड़ें। सैर-सपाटे के लिए निकलने की आदत डालें। सुबह और शाम को कुछ समय प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बिताने से सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। इससे मानसिक रूप से शांति की अनुभूति से बौद्धिक दक्षता प्रभावी होगी। विशेषज्ञों का मत है कि शहर के बीच प्रकृति प्रेमियों को समय बिताने के लिए कई स्पॉट हैं, सैर के लिए निकलने की आदत बनाने से ताजगी से भरा दिन मिलेगा।'



### इन स्थानों पर सुबह-शाम पहुंचते हैं प्रकृति प्रेमी

प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग के प्रति लोगों को सजग करने वाले छगन लाल सोनवानी और प्रियंका उपाध्याय ने बताया कि प्रकृति का आनंद लेने के लिए कई बेहतरीन और शांतिपूर्ण स्थान शहर में हैं। जहां इस दिन का भरपूर लाभ उठा सकते हैं। तेलीबांधा में स्थित मरीन ड्राइव, ऑक्सीजोन, गांधी उद्यान, अनुपम गार्डन, मोतीबाग जैसे कई स्थान हैं, जहां सुबह और शाम के समय पैदल सैर करने और ठंडी हवा भागदौड़ से दूर एक सुकून भरा एहसास देती है। नंदनवन, जंगल सफारी में भी लोग प्राकृति सुंदरता के बीच समय बिताने के लिए सपरिवार जाते हैं। शोर-शराबे से दूर, हरी-भरी प्रकृति के बीच समय बिताने से शरीर और मन को ताजगी मिलती है।



**रायपुर।** विश्व सैर दिवस हर साल 19 जून को इसलिए मनाया जाता है, ताकि लोगों को याद दिलाया जा सके कि वह हमेशा भागदौड़ भरा जीवन जीने के बजाय थोड़ा धीमा चलें और जीवन का आनंद लें। लोगों को सेहत के प्रति हमेशा सजग करने वाले विशेषज्ञों का मत है कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि आराम से रहें, प्रकृति की सुंदरता को निहारने के लिए भी समय निकालें। प्रकृति प्रेम और सेहत के प्रति जागरूकता अभियान चलाने वाले लोगों को भागदौड़ भरी इस जिंदगी से ब्रेक लेने और जीवन के छोटे-छोटे सुखों जैसे प्रकृति की सुंदरता को निहारने और तनावमुक्त रहने के लिए सजग करने का दायित्व निभा रहे हैं। विशेषज्ञों की माने तो सूर्योदय से पहले बिस्तर छोड़े और सैर -सपाटे की आदत डालें, इससे निरोगी जीवन ही नहीं ताजगी से भरा दिन भी मिलेगा।



### सैर-सपाटे के साथ प्रतिदिन एक्सरसाइज करें

डॉ. रोहित राठौर ने बताया कि सूर्योदय से पहले बिस्तर छोड़ने और सैर के लिए निकलने की आदत डालने से दिनभर शरीर को ऊर्जा मिलती है। इससे शारीरिक ही नहीं, मानसिक शांति मिलने से विद्यार्थियों ही नहीं, बल्कि ऑफिस वर्क करने वालों को भी मानसिक शांति मिलती है, जो सोचने और समझने की क्षमता को बेहतर करती है। सैर करने के बाद यदि शारीरिक एक्सरसाइज करने का नियम लोग बनाएं तो सेहत ही नहीं बल्कि सोचने -समझने और निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होगी। इसके अलावा मानसिक शांति का अनुभव भी प्राप्त होगा। स्वामी विवेकानंद सरोवर सैर सपाटे के लिए अच्छा स्पाट है। जहां लोग समय बिताने के लिए जाना पसंद भी करते हैं।

### सजग माता-पिता बच्चों के साथ जाते हैं गार्डन

विशेषज्ञ बताते हैं कि सजग माता-पिता बच्चों को साथ लेकर सुबह और शाम को गार्डन में घूमने-फिरने के लिए नियमित आते-जाते हैं। ऐसे लोगों का एक बड़ा वर्ग है, इनमें ऐसे लोग भी शामिल होते हैं। जिनके बच्चे सुबह स्कूल जाते हैं, ऐसे लोग शाम को उद्यानों में बेटे-बेटियों को साथ लेकर पहुंचते हैं। जहां सुबह और शाम को प्राकृतिक सौंदर्य के बीच लोग समय बिताने पहुंचते हैं, इससे रौनक बढ़ जाती हैं। आसपास खानपान का अवसर देने के लिए स्टाल्स सजते हैं। इससे घूमने-फिरने वालों को व्यंजनों का स्वाद भी मिलता है।

## मिशन हीमोग्लोबिन में 85 यूनिट रक्तदान स्वास्थ्य सेवकों का किया गया सम्मान

जेसीआई द्वारा नव दृष्टि फाउंडेशन द्वारा मिशन हीमोग्लोबिन के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मानव सेवा अभियान में सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई, जिसके परिणामस्वरूप कुल 85 यूनिट रक्तदान किया गया। यह प्रयास जरूरतमंदों के जीवन बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान रहा।



**रायपुर।** इस अवसर पर अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और ऐसे अभियान समाज में सेवा भावना एवं जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। सचिव जेसी तोरण अटल ने सभी रक्तदाताओं, सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मेंटोर पास्ट प्रेसिडेंट सीपी अंजू गजवानी, पास्ट प्रेसिडेंट रजनीश जायसवाल, डायरेक्टर डॉ. आशीष-दीपलक्ष्मी देवांगन, नितेश-अपेक्षा केडिया, डॉ. सोनिका-सुमेध बोधि, प्रोग्राम डायरेक्टर्स डॉ. कुमकुम-संजय डे, विकास जायसवाल, वीपी इंचार्ज जेएफएम जीएसएम वामसी का विशेष सहयोग रहा। चेयरपर्सन लेडी रानू कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर के साथ "सल्यूट टू ह्यूमैनिटी" कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान भी किया गया।

### ये हुए सम्मानित

डॉ. गुंजा पिंचा, डॉ. अनुराग बक्शी, लेडी डॉ. अपर्णा बक्शी, लेडी डॉ. कुमकुम डे, डॉ. आशीष देवांगन, डॉ. दीपलक्ष्मी देवांगन, डॉ. श्वेता देशलहरा, डॉ. प्रीति समद्दार, डॉ. सोनिका बोधि एवं जेसी डॉ. वर्षा झंवर को सम्मानित किया गया। जिला अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों को भी निस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया गया। जनसंपर्क अधिकारी ट्विंकल खेमुका पारख ने कहा कि ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से निरंतर आयोजित किए जाते हैं।

## राज्य के 122 हाजियों के पहले जत्थे की वापसी, भव्य स्वागत



**रायपुर।** राज्य के हजयात्रियों की सऊदी अरब से वतन वापसी प्रारंभ हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के माध्यम से हजयात्रा पर गए 122 हाजियों का गुरुवार को नागपुर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग ने बताया है कि हाजियों का पहला जत्था नागपुर एयरपोर्ट पर पहुंच गया है। श्री बेग ने बताया कि नागपुर एयरपोर्ट पर समस्त हाजियों को 5-5 लीटर मक्का का पवित्र जल 'आबे जमजम' प्रदान किया गया। नागपुर एयरपोर्ट पर हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग सहित हज कमेटी के अन्य लोगों ने हाजियों का इस्तकबाल किया और उनकी गुलपोशी की। सऊदी अरब से स्वदेश वापसी पर समस्त हाजियों के चेहरों पर सुकून और खुशी नजर आई। हाजियों ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार द्वारा की गई बेहतर व्यवस्था को लेकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग, सदस्य मौलाना अमीर बेग, मौलाना हसन अब्बास, हज कमेटी ऑफिस सहायक सैय्यद सलीम उपस्थित रहे।

**हाजियों ने देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का जताया आभार**

लोकसाहित्य के दर्पण में अतीत का प्रतिबिंब विषय पर सम्मेलन का आगाज

# लोक परंपराओं पर महामंथन, विशेषज्ञों ने कहा- लोक साहित्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि हमारे इतिहास का जीवंत दस्तावेज

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** संस्कृति विभाग के अंतर्गत पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय की ओर महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के सभागार में लोक साहित्य के दर्पण में अतीत का प्रतिबिंब विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। इस सम्मेलन का उद्देश्य लोक परंपराओं में संरक्षित ऐतिहासिक स्मृतियों का अध्ययन, प्रलेखन तथा उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रसार करना है। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्कृति विभाग के संचालक डॉ. संजय कन्नौजे ने अतिथियों का स्वागत कर सम्मेलन की रूपरेखा व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।





### लोकगाथाओं में इतिहास के स्रोत गहरे

अध्यक्षीय उद्बोधन में आचार्य रमेंद्रनाथ मिश्र ने कहा कि जनजातीय परंपराएं और लोकगाथाएं इतिहास के ऐसे स्रोत हैं जिनसे समाज की सामूहिक स्मृतियों को आसानी से समझा जा सकता है। सम्मेलन के दोनों सत्रों में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों व सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़े शोधार्थियों, शिक्षकों और साहित्यकारों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। इस अवसर पर आयोजन के नोडल अधिकारी डॉ. पीसी पारख, उप संचालक व प्रभारी अधिकारी प्रभात कुमार सिंह सहित विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आकांक्षा दुबे और अरुण निर्मलकर ने किया।

### लोक साहित्य है अतीत के अध्ययन का महत्वपूर्ण स्रोत

सम्मेलन के शुभारंभ सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं कांकेर राजपरिवार के वर्तमान प्रमुख डॉ. आदित्य प्रताप देव उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं, लोककथाओं, लोकगीतों एवं सांस्कृतिक स्मृतियों में निहित ऐतिहासिक तत्वों की गहराई से चर्चा करते हुए लोकसाहित्य को अतीत के अध्ययन का एक सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने इन परंपराओं के संरक्षण, प्रलेखन एवं अकादमिक अध्ययन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुशील त्रिवेदी, वरिष्ठ इतिहासकार आचार्य रमेंद्रनाथ मिश्र तथा संस्कृति विभाग के ओएसडी जितेंद्र सिंह ने भी लोकसाहित्य को समाज की सांस्कृतिक स्मृति का जीवंत दस्तावेज बताया और इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया।

## हेल्थ टिप्स

### दिन-रात एसी में रहना ठीक नहीं हो सकती हैं गंभीर समस्याएं



आज के दौर में एयर कंडीशनर (एसी) लग्जरी नहीं बल्कि जरूरत बन चुका है। घर हो, ऑफिस हो या फिर कार, लोग दिन-रात एसी की ठंडी हवा में समय बिता रहे हैं। खासकर आजकल गर्मी के मौसम में कई लोग 24 घंटे एसी वाले माहौल में रहते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि लगातार एसी में रहना आपकी सेहत पर गंभीर असर डाल सकता है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार लंबे समय तक एयर कंडीशनर के संपर्क में रहने से कईपरेशानियां बढ़ सकती हैं। इतना ही नहीं, कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। अगर आप भी ज्यादातर समय एसी में बिताते हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं कि 24 घंटे एसी में रहने से कौन-कौन सी बीमारियां और स्वास्थ्य समस्याएं आपको अपनी चपेट में ले सकती हैं।

#### त्वचा में रूखापन और डिहाइड्रेशन

एयर कंडीशनर कमरे की नमी को कम कर देता है, जिससे त्वचा अपनी प्राकृतिक नमी खोने लगती है। लंबे समय तक एसी में रहने वाले लोगों को त्वचा में खिंचाव, रूखापन और खुजली की शिकायत हो सकती है। इसके अलावा शरीर को पसीना कम आता है, जिससे कई बार लोगों को प्यास कम लगती है और वे पर्याप्त पानी नहीं पीते। यह स्थिति डिहाइड्रेशन का कारण बन सकती है। इसलिए एसी में रहने के दौरान नियमित रूप से पानी पीना और त्वचा को मॉइस्चराइज रखना जरूरी है।

#### सांस संबंधी समस्याएं

लगातार एसी की ठंडी हवा में रहने से नाक और गले की श्लेष्मा झिल्ली (म्यूकस मेम्ब्रेन)



सूख सकती है। इससे गले में खराश, नाक बंद होना, एलर्जी और खांसी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। अगर एसी के फिल्टर की समय-समय पर सफाई नहीं की जाए तो उसमें धूल, बैक्टीरिया और फंगस जमा हो सकते हैं, जो सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ा देते हैं। अस्थमा या एलर्जी के मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

#### सिरदर्द और थकान

बहुत कम तापमान वाले वातावरण में लंबे समय तक रहने से शरीर को लगातार तापमान के अनुसार खुद को ढालना पड़ता है। इससे सिरदर्द, माइग्रेन, चक्कर और थकान की समस्या हो सकती है। कई लोगों को पूरे दिन एसी में बैठने के बाद सुस्ती और ऊर्जा की कमी महसूस होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक ठंडा तापमान शरीर के सामान्य रक्त संचार को प्रभावित कर सकता है, जिससे यह समस्या बढ़ सकती है।

#### जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द

एसी की ठंडी हवा का सीधा असर मांसपेशियों और जोड़ों पर पड़ सकता है। लंबे समय तक ठंडे वातावरण में बैठने से मांसपेशियां सख्त होने लगती हैं और उनमें अकड़न महसूस हो सकती है। गठिया (आर्थराइटिस) या पुराने जोड़ों के दर्द से पीड़ित लोगों में यह समस्या और अधिक बढ़ सकती है। कई लोग गर्दन, कंधे और कमर दर्द की शिकायत भी करते हैं, जिसका एक कारण लगातार एसी में बैठना हो सकता है।

#### आंखों में जलन और सूखापन

एसी वातावरण की नमी को कम करता है, जिसका असर आंखों पर भी पड़ता है। इससे आंखों में सूखापन, लालिमा, खुजली और जलन



की समस्या हो सकती है। जो लोग लंबे समय तक कंप्यूटर या मोबाइल स्क्रीन पर काम करते हैं, उनके लिए यह जोखिम और बढ़ जाता है। कॉन्टैक्ट लेंस पहनने वाले लोगों को भी आंखों में असहजता महसूस हो सकती है। ऐसे में पर्याप्त पानी पीना और जरूरत पड़ने पर आई ड्रॉप्स का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है।

#### इम्यूनिटी पर असर

हमेशा बंद और ठंडे वातावरण में रहने से शरीर का प्राकृतिक अनुकूलन तंत्र प्रभावित हो सकता है। जब व्यक्ति लगातार एसी में रहता है और अचानक गर्म वातावरण में जाता है तो शरीर को तापमान में बदलाव के साथ तालमेल बैठाने में कठिनाई होती है। इससे सर्दी-जुकाम और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है।

### गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या

# धूप से लू का सीधा रिश्ता लेकिन और भी कई वजहें हैं इस तकलीफ की, जानें लक्षण और बचने के उपाय भी

अक्सर आपने लोगों को कहते सुना होगा, ज्यादा धूप में न रहो, लू लग जाएगी। पर क्या सिर्फ धूप में रहने से लू लगती है या कुछ और कारण भी हैं? आइए जानते हैं.... गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक यानी लू लगना एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन जाती है, जो कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो सकती है। आमतौर पर लोग मानते हैं कि सिर्फ तेज धूप में ज्यादा देर तक रहने से ही लू लगती है, लेकिन सच्चाई इससे कहीं ज्यादा गहरी है।

कम जानकारी और सावधानियों के बिना गर्मी का यह मौसम शरीर पर भारी पड़ सकता है। इसलिए यह समझना जरूरी है कि लू सिर्फ धूप नहीं, बल्कि हमारी कई गलत आदतों का परिणाम भी हो सकती है। यहां इस लेख में हम आपको पहले तो लू लगने के लक्षण बताएंगे और आपको बताएंगे कि आखिर किन कारणों से हीट स्ट्रोक होता है।

#### जान लें इसके लक्षण

हीट स्ट्रोक के लक्षण तुरंत पहचानना बेहद जरूरी है क्योंकि यह जानलेवा भी हो सकता है। इसके मुख्य संकेतों में तेज बुखार, सिरदर्द, चक्कर आना, मतली या उल्टी, त्वचा का गर्म और सूखा होना, पसीना बंद हो जाना, धड़कन का बढ़ जाना, कमजोरी और भ्रमित या चिड़चिड़ा महसूस



होना शामिल हैं। गंभीर मामलों में व्यक्ति बेहोश हो सकता है और उसकी तंत्रिकाओं और अंगों पर गंभीर असर पड़ सकता है। अगर इन लक्षणों में से कोई भी दिखाई दे, तो तुरंत ठंडी जगह पर ले जाकर पानी पिलाएं, शरीर को ठंडा करने की कोशिश करें और तत्काल चिकित्सा सहायता लें।

#### पानी की कमी

गर्मी में जब शरीर से पसीना ज्यादा निकलता है और हम पर्याप्त पानी नहीं पीते, तो शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है। इससे शरीर का तापमान संतुलित नहीं रह पाता और



चक्कर, कमजोरी, सिरदर्द जैसी समस्याएं शुरू हो सकती हैं। लंबे समय तक पानी की कमी रहने पर हीट स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

#### गलत खानपान

बहुत ज्यादा मसालेदार, तला-भुना और भारी भोजन शरीर में अंदरूनी गर्मी बढ़ाता है। ऐसे खाने को पचाने में शरीर को ज्यादा ऊर्जा लगती है, जिससे शरीर का तापमान बढ़ सकता है और लू लगने की संभावना बढ़ जाती है। गर्मियों में हल्का और ताजा भोजन लेना ज्यादा सुरक्षित होता है।

#### लंबे समय तक गर्म जगह पर रहना

सीधे सूरज की रोशनी में या बहुत गर्म और बंद जगह पर लंबे समय तक रहने से शरीर का तापमान तेजी से बढ़ जाता है। अगर शरीर को ठंडा होने का मौका न मिले, तो हीट स्ट्रोक की स्थिति बन सकती है, जो कभी-कभी



गंभीर भी हो सकती है।

#### टाइट और सिंथेटिक कपड़े पहनना

टाइट और सिंथेटिक कपड़े पसीना सोखने की बजाय उसे रोक लेते हैं। इससे शरीर से गर्मी बाहर नहीं निकल पाती और शरीर ज्यादा गर्म हो जाता है। गर्मियों में ढीले और सूती कपड़े पहनना सबसे बेहतर विकल्प होता है।

#### आराम की कमी और ओवरएक्सरसाइज

गर्मी में बिना आराम किए लगातार काम करना या बहुत ज्यादा एक्सरसाइज करना शरीर को ओवरहीट कर सकता है। शरीर को पर्याप्त आराम न मिलने पर उसकी गर्मी सहने की क्षमता कम हो जाती है, जिससे हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

#### हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय

दिन में 8–10 गिलास पानी जरूर पिएं। हल्के और सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय छाता या टोपी का इस्तेमाल करें। नारियल पानी, नींबू पानी और ओआरएस लें। दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप से बचें।



# गुस्से पर काबू रखना समझदारी जानिए इसे बस में करने का तरीका

ऐसा शायद ही कोई इंसान होगा, जिसे कभी गुस्सा न आता हो। क्रोध या गुस्सा इंसान की एक ऐसी भावात्मक अवस्था है, जिससे सभी मनुष्य किसी न किसी समय पर जरूर गुजरते हैं। क्रोध को चार बुनियादी भावनाओं में से एक माना जाता है। ये चार भावनाएं हैः क्रोध, उदासी, खुशी और भ्रम/भय। रिसर्च के अनुसार गुस्सा धीरे से तेज होता जाता है और कई बार यह निराशा और झुंझलाहट का कारण भी बन जाता है। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अनुसार, गुस्सा एक ऐसी भावना है, जो किसी के प्रति आपके विरोध को दर्शाता है या उन लोगों के प्रति आपकी भावना को व्यक्त करता है, जिन्होंने आपके साथ गलत किया है।₹ गुस्सा कुछ खास अनुभवों और स्थितियों में प्रकट होता है और यह आपको आपकी पॉजिटिव लाइफस्टाइल से दूर ले जाता है। यह आपकी भावनात्मक दुनिया को तोड़ने का काम भी करता है। किसी के गुस्से का जवाब गुस्से से देने आपके अच्छे संबंध खराब हो सकते हैं और आपका वातावरण नकरात्मक हो जाता है। दूसरे शब्दों में, क्रोध आपके कार्यों को पॉजिटिव या विनाशकारी दिशा में निर्देशित करने का काम करता है।

#### एंगर मैनेजमेंट में मददगार टिप्स

प्रोडक्टिव तरीके से अपने क्रोध को नियंत्रित करने के लिए हम आपको कुछ सुझाव बताने जा रहे हैः

#### गुस्से से जुड़े हुए अनुभवों को लिखिए

इससे आपको पता लगेगा कि आपको कब गुस्सा आता है और क्या चीज आपको ट्रिगर करती है, कौन सी घटनाएं आपको परेशान कर सकती हैं। जर्नलिंग के माध्यम से अपने गुस्से के अनुभवों को लिखना खुद को जानने का एक प्रयास है। इसकी मदद से आप तर्क और स्वयं के मूल्यांकन के लिए जगह बना सकते हैं और कार्यों का निर्धारण कर सकते हैं।

#### बॉडी स्कैन एक्टिविटी का उपयोग करना

शरीर के जिस हिस्से पर आपको सबसे पहले गुस्सा आता है, उस पर ध्यान रखना शुरू करें। उस क्षेत्र या शरीर के अन्य क्षेत्रों पर अपना ध्यान आकर्षित करें। अगर आपका गुस्सा आपके शारीरिक तनाव का कारण बन रहा है, तो याद रखिए आगे चलकर ये आपको भावनात्मक रूप से भी नुकसान पहुंचा सकता है।

#### एरोबिक एक्सरसाइज करें

कई बार गुस्सा हमें शारीरिक रूप से भी नुकसान पहुंचाता है। एरोबिक एक्सरसाइज जैसी फिजिकल एक्टिविटी में शामिल होने से किशोरों और वयस्कों दोनों में गुस्सा कम हो जाता है।



# जामुन को लंबे वक्त तक फ्रेश रखने के स्मार्ट हैक्स करें फॉलो



इस मौसम में जामुन की बहार है। यह फल न केवल स्वाद में बेहतरीन होता है, बल्कि हेल्थ के लिहाज से भी फायदेमंद होता है। इसे ज्यादातर डायबिटीज कंट्रोल, पेट की समस्या को दूर करने या स्वाद के लिए खाया जाता है। यही वजह है कि इसके पूरे सीजन मार्केट में जामुन की भरमार रहती हैं। ऐसे में हमें भी पता नहीं रहता कि कब इसकी कीमत बढ़ जाती हैं।

इसलिए हम लोग फ्रिज में ढेर सारे जामुन लाकर रख लेते हैं। वहीं, अगर ठीक से स्टोर न किया जाए, तो खरीदे हुए जामुन 1–2 दिन में ही सड़ने, नरम पड़ने या पानी छोड़ने लगते हैं। ऐसे में अक्सर हमें मजबूरी में उन्हें फेंकना पड़ता है या बिना इच्छा के जल्दी-जल्दी खा लेना पड़ता है। अगर आप भी हर साल यही सोचती हैं कि काश जामुन कुछ दिन और चल पाता...तो परेशान न हों क्योंकि हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे हैक्स जिनकी मदद से जामुन को लंबे वक्त तक फ्रेश रखा जा सकता है।

#### बिना धोए स्टोर न करें जामुन

आप जामुन को बिना धोए स्टोर न करें, क्योंकि इससे गंदगी फ्रिज में लग सकती हैं। जामुन को स्टोर करने से पहले आप नमक और पानी के धोल से धो लें, ताकि इसकी सारी गंदगी बाहर निकल जाए।

धोने वक्त हल्के हाथों से रगड़ें, ताकि यह खराब न हो। धोने के बाद जामुन को किसी कपड़े पर फैलाकर रख दें और इसके बाद ही स्टोर करें।

#### जामुन को स्टोर करने के लिए पानी को साफ करें

आप कभी भी गीले जामुन को स्टोर न करें। गीले जामुन बहुत ही जल्दी खराब होते हैं और चिपचिपे भी होने लगते हैं। इसलिए बेहतर है कि आप जामुन को सुखाकर स्टोर करें। सुखाने के लिए या तो इसे धूप में रख दें या ड्रायर की मदद से सुखा लें। हालांकि, इस दौरान आपको जामुन का बहुत ही ध्यान रखना है, क्योंकि इससे यह खराब भी हो सकते हैं।

#### फ्रिज की सही जगह पर रखें

आप जामुन को फ्रिज की सही जगह पर रखें, क्योंकि इससे आपको बहुत फायदा होगा। फ्रिज में कई जगह ऐसी होती हैं जहां पर सही कुलिंग नहीं आती और जामुन लगभग 4 से 8 डिग्री सेल्सियस के बीच फ्रेश रहते हैं। इसलिए जामुन को हमेशा ऐसी जगह पर रखें और फ्रिज के वेजिटेबल डिब्बे का इस्तेमाल करें।

# भूलकर भी मेन गेट पर न लगाएं ये गहरे रंग

अगर आप घर का वास्तु बदलना चाहते हैं, तो ऐसे में जरूरी है कि आप घर के मेन गेट पर होने वाले रंगों का खास ध्यान रखें। इससे घर का वातावरण पॉजिटिव रहेगा। वास्तु शास्त्र के अनुसार मेन गेट पर गहरे रंग जैसे काले और ग्रे कलर को इस्तेमाल करने की मनाही होती है। ऐसा कहा जाता है कि इस तरह के कलर से आपके आसपास नकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। साथ ही, आपके घर के बाहर से ही अच्छी चीजें प्रभावित हो जाती हैं। इसलिए कोशिश करें कि इन गहरे रंगों को अपने घरों में न लगाएं। इसकी जगह पर मेन गेट पर हल्के रंगों का प्रयोग करें। इससे आपके घर की ऊर्जा पॉजिटिव बनी रहेगी।

#### गहरे रंगों को मेन गेट पर लगाने का क्या पड़ता है घर पर प्रभाव

अगर आप अपने घर के मेन गेट पर काले रंग का



इस्तेमाल करते हैं, तो ऐसे में आपके घर में अक्सर नकारात्मकता बनी रहेगी। इससे आपके घर का वास्तु भी खराब हो सकता है। साथ ही, आपके परिवार में किसी न किसी चीज को लेकर परेशानी चलती रहेगी। इससे आपका कोई भी कार्य सही तरीके से नहीं होगा। साथ ही, आपके जीवन में उदासी भी बनी रह सकती है। घर में अगर आप ग्रे कलर का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इससे आपके जीवन पर असर पड़ेगा।












## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रद्द हुआ अमेरिकी रैपर कान्ये और ट्रैविस का शो, इटली में होना था कॉन्सर्ट

अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों की वजह से लिया गया है।



वैराइटी के अनुसार, यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आरसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से।
स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।
'हेलवाट फेस्टिवल' की टीम ने सोशल मीडिया पर बताया कि वे 18 जुलाई को कान्ये वेस्ट का शो इटली में ही किसी और जगह कराने की कोशिश कर रहे हैं, जो किसी दूसरे प्रशासनिक क्षेत्र में आता हो। कान्ये वेस्ट ने हाल ही में इस्तांबुल में एक बड़े कॉन्सर्ट के साथ अपने समर टूर की शुरुआत की है, जहां 1,18,000 लोग जुटे थे। इस शो में ट्रैविस स्कॉट भी उनके साथ मंच पर मौजूद थे। दोनों ने हाल ही में कान्ये के नए एल्बम 'बुली' के गाने 'फादर' पर एक साथ काम किया है। कुछ देशों में प्रतिबंधों के बावजूद कान्ये वेस्ट के अन्य शो तय शेड्यूल के अनुसार होंगे।

### टॉलीवुड

## 'द मम्मी' फेम अर्नोल्ड भारत में, विजय की फिल्म में निभाएंगे विलेन का किरदार

साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की फिल्म में अब हॉलीवुड के एक दमदार विलेन की एंट्री हो गई है। जिसका एक खास पोस्टर निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। हॉलीवुड की मशहूर फिल्म 'द मम्मी' में अपने खतरनाक विलेन के किरदार से दुनिया भर में पहचान बनाने वाले अभिनेता अर्नोल्ड वोस्लू अब भारतीय सिनेमा पर धमाकेदार एंट्री करने जा रहे हैं। अर्नोल्ड वोस्लू अब विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की आगामी साउथ फिल्म में एक विलेन के किरदार में नजर आएंगे।



हॉलीवुड अभिनेता अर्नोल्ड वोस्लू की एंट्री साउथ फिल्म 'राणाबाली' में हो गई है। निर्माताओं ने जिसकी घोषणा एक पोस्टर के जरिए की है। फिल्म 'राणाबाली' अर्नोल्ड वोस्लू, सर थियोडोर हेक्टर की भूमिका में नजर आएंगे। यह अर्नोल्ड का हिंदी सिनेमा में डेब्यू है।
फिल्म 'राणाबाली' के निर्माताओं ने आज अर्नोल्ड वोस्लू का फिल्म से एक खास दमदार लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस नए लुक के साथ निर्माताओं ने लिखा, 'सूखे का दानव-सर थियोडोर हेक्टर।' इसी के साथ निर्माताओं ने अर्नोल्ड का स्वागत करते हुए लिखा, ''द मम्मी' में 'इम्होतेप' के रूप में दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने से लेकर 'राणाबाली' में निर्दयी 'सर थियोडोर हेक्टर' के रूप में एक नया सफर शुरू करने तक।' इसी के साथ फिल्म 'राणाबाली' के निर्माताओं ने अर्नोल्ड वोस्लू को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और भारतीय सिनेमा में उनका स्वागत किया। इस पोस्टर में अर्नोल्ड वोस्लू एक सिंघासन पर बैठे किसी पुराने शासक की तरह दिख रहे हैं। ब्लैक और गोल्डन रंग की शाही ड्रेस अर्नोल्ड काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं।

### वेब सीरीज

## ग्राम चिकित्सालय सीजन-2 की रिलीज अगले सप्ताह, दर्शक उत्साहित

टीवीएफ प्रोडक्शन हाउस द्वारा निर्मित वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का प्रसारण 23 जून से अमेजॉन प्राइम पर होने जा रहा है। इस सीरीज में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ अभिनेता विनायक प्रसाद अग्रवाल ने मुनिरका नाम के चरित्र का निर्वाह किया है। अग्रवाल इस वेब सीरिज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि इस वेबसीरिज की शूटिंग मध्य प्रदेश बालाघाट में हुई थी। इस कॉमेडी-ड्रामा सीरीज़ में डॉ. प्रभात (अमोल पराशर) भटकण्डी गांव के उपेक्षित सरकारी अस्पताल को सुधारने और 'आदर्श पीएचसी' का पुरस्कार जीतने की जद्दोजहद करते नजर आएंगे। सीज़न 2 में डॉ. प्रभात (अमोल पराशर) और झोलाछाप डॉक्टर चेतक (विनय पाठक) के बीच 'डॉक्टर नंबर 1' बनने की मजेदार प्रतिस्पर्धा होगी। ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 टीवीएफ द्वारा निर्मित एक बहुप्रतीक्षित कॉमेडी-ड्रामा वेब सीरीज है। इसकी कहानी भठकंडी गांव के आदर्शवादी डॉक्टर प्रभात के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बदहाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को पुनर्जीवित करने और 'आदर्श पीएचसी' का खिताब जीतने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस नए सीजन में लोकप्रिय भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और 'पंचायत' फेम कलाकार (जैसे भूषण और बिनोद) भी दिखाई देंगे, जो इसे 'पंचायत यूनिवर्स' का एक अनूठा हिस्सा बनाते हैं।



### क्लासिक फ़ैशन




क्लासिक फ़ैशन की स्टाइल को सदाबहार तरीकों में गिना जाता है। यह शानदार और हर मौके पर काम आने वाली स्टाइल है, जिसका मुकाबला शायद ही कोई दूसरा ट्रेंड कर सके। भले ही सीज़नल फ़ैशन आते-जाते रहते हैं, लेकिन क्लासिक कपड़े अपनी सदाबहार अपील, साफ़-सुथरी बनावट और बेहतरीन क्वालिटी की वजह से एक अच्छे वॉर्डरोब की नींव बने रहते हैं। कुछ समय के लिए चलने वाले ट्रेंड्स पर ध्यान देने के बजाय, क्लासिक स्टाइल सोच-समझकर बनाए गए डिज़ाइन, बारीकियों और ऐसे कपड़ों को अपनाता है जो सालों-साल चलन में बने रहते हैं।

## ऑयली स्किन वाले गर्मियों में इन गलतियों से बचें

गर्मी के मौसम में धूप और पसीने से त्वचा की मुश्किलें बढ़ जाती हैं, लेकिन अपनी जीवन-शैली और आहार में सुधार कर आप दमकती त्वचा पा सकती हैं।

आम तौर पर गर्मी के दिनो में ऑयली स्किन की समस्या बढ़ जाती है, जिससे चेहरा चिपचिपा और बेजान दिखने लगता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि स्वस्थ त्वचा के लिए अतिरिक्त ऑयल से छुटकारा पाना जरूरी है, क्योंकि अधिक तेल त्वचा के रोम छिद्रों को बंद कर देता है। ऑयली होने से त्वचा न केवल चिपचिपी दिखती है, बल्कि पिंपल्स, ब्लैकहेड्स और एक्ने की समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। अगर आप ऑयल को कंट्रोल कर लें, तो त्वचा साफ, फ्रेश और हेल्दी रहती है, साथ ही स्किन इंफेक्शन का खतरा भी कम होता है। इसलिए गर्मी के मौसम में सही स्किन केयर बेहद जरूरी है।



### चेहरा बुझा-बुझा

गर्मियों में उमस अधिक होने से अतिरिक्त तेल रोम छिद्रों में जमा हो जाता है, जिससे मुंहासे, एक्ने और ब्लैकहेड्स की परेशानी बढ़ जाती है। साथ ही अधिक पसीने के कारण स्किन से निकलने वाले तेल की वजह से चेहरा हमेशा बुझा-बुझा, चिपचिपा और डल नजर आने लगता है। ऐसे में त्वचा का यह अतिरिक्त तेल आपके मेकअप को भी जल्दी खराब कर देता है।

### दिनचर्या में बदलाव

ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए चेहरे को ज्यादा रूखा बनाने वाले क्लींजर से बचें। दिन में दो बार सैलिसिलिक एसिड युक्त फेसवॉश से चेहरा साफ करें। बार-बार चेहरा धोने से त्वचा अधिक तेल बनाने लगती है, इसलिए ऐसा न करें। ऑयली स्किन के लिए हल्का, ऑयल-फ्री और जेल-बेस्ड मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करें, ताकि त्वचा संतुलित रहे। बाहर निकलते समय जेल-बेस्ड या मैट-फ़िनिश सनस्क्रीन लगाएं, जो चिपचिपाहट कम करती है। हफ्ते में 1–2 बार मुल्तानी मिट्टी और गुलाब जल का फेस पैक लगाएं। खीरे का रस और एलोवेरा जेल जैसे घरेलू नुस्खे भी त्वचा को ठंडक, नमी और ताजगी प्रदान करते हैं।

### खानपान में सुधार

ऑयली स्किन से बचने के लिए खानपान का विशेष ध्यान रखना जरूरी है, क्योंकि त्वचा पर डाइट का सीधा प्रभाव पड़ता है। दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है।पानी पीने से सीबम का उत्पादन कम होता है।त्वचा में अतिरिक्त तेल बनने की समस्या घटती है। नारियल पानी और नींबू पानी शरीर से विषैले तत्व बाहर निकालने में मदद करते हैं। खीरा, तरबूज और खरबूजा जैसे पानी से भरपूर फल त्वचा को ताजगी देते हैं।

## मानसून में कॉटन स्ट्रेट सूट के डिजाइंस आपको देंगे कूल और स्टाइलिश लुक



अगर आपको भी अपने लिए नए और ट्रेंडी कॉटन सूट सेट डिजाइंस की तलाश है, तो आपको कुछ खास विकल्प पर नजर डालनी होगी। इन्हें बाजार से रेडीमेड खरीदने के साथ-साथ टेलर से स्टिच भी करा सकती हैं। इन्हें आप गर्मियों के साथ-साथ मॉनसून में भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह के सूट सेट को आप स्टाइल करके कूल और स्टाइलिश लुक पा सकती हैं।



### कॉटन स्ट्रेट कुर्ता सेट के खास डिजाइंस देखें

अगर आप मॉनसून सीजन में कम्फर्टेबल मगर कूल लुक चाहती हैं, तो कॉटन स्ट्रेट कुर्ता सेट के कुछ खास विकल्प जरूर ट्राई करके देखें। बाजार में आपको यदि बिल्कुहल ऐसे ही सेम-टू-सेम भले ही न मिलें,मगर इनसे मिलते-जुलते डिजाइंस आपको बाजार में आसानी से मिल जाएंगे।

### बिग प्रिंट कॉटन स्ट्रेइट सूट डिजाइन

आजकल बिग प्रिंट वाले कॉटन स्ट्रे ट सूट काफी ट्रेंड में हैं। बड़े प्रिंट वाले सूट सेट पतली महिलाओं पर बहुत ही अच्छे लगते हैं। इन प्रिंट्स की वजह से उनकी बॉडी शेप में नजर आती है। यह दिखने में आकर्षक भी होते हैं और लोगों का ध्यान आपकी ओर आकर्षित करते हैं। आप इस तरह के प्रिंट वाले कॉटन सूट्स को डेली यूज से लेकर ऑफिस तक में कैरी कर सकती हैं। मॉनसून सीजन के लिए अगर आप इस तरह के सूट का कलेक्शन तलाश रही हैं, तो आपको इसमें बेल-बूटे, एनिमल, फ्लॉवर आदि प्रिंट के बहुत अच्छे स्ट्रेट सूट सेट मिल जाएंगे।



## विंग लाइनर लगेगा परफेक्ट बस फॉलो करें स्मार्ट हैक्स

यह बात तो आप सभी जानते होंगे कि आईलाइनर को कई तरीके से लगाया जाता है जैसे विंग, स्मूद, स्लीक, कैट आई। ऐसे में हर कोई अपनी पसंद और आंखों के शेप के हिसाब से लगाता है। यदि आपसे भी लाइनर लगाते वक्त बिगड़ जाता है तो आपको कुछ हैक्स जरूर जानने चाहिए। ब्यूटी एक्सपर्ट छाया आनंद इस बारे में विस्तार से बता रही हैं।
विंग लाइनर लगाने के 3 स्मार्ट हैक्स
आप भी हमारे बताए गए इन हैक्स को आजमाकर परफेक्ट विंग लाइनर लगा सकती हैं। इससे आपका समय भी बचेगा और आपका लुक प्रिटी दिखेगा।



### एंगल ब्रश हैक

इसके लिए आपको सबसे पहले लाइनर का ब्रश हाथों में लेना है।दूसरे हाथ में आपको एंगल ब्रश लेना है।अब इस एंगल ब्रश के ऊपर आपको लाइनर के ब्रश से लंबाई में लाइनर लगा देना है।इसके बाद एंगल ब्रश की मदद से आंखों के कॉर्नर साइड पर एक विंग बना लेनी है।फिर आप लिक्विड का लाइनर ब्रश लेकर कॉर्नर को फिल कर देना है।इस समय आपको अपनों आंखें स्ट्रेच करके रखनी है ताकि लाइनर परफेक्ट और सीधा लगे।ऐसे में आप इस बढ़िया हैक की मदद से विंग लाइनर लगा सकती हैं।

### बॉब पिन हैक

इसके लिए आपको बॉब पिन की जरूरत होगी। जिसे बन में लगाया जाता है।आपको बॉब पिन लेकर उसके ऊपर खुले वाले दोनों हिस्सों को थोड़ा खोल लेना है।इसके बाद आपको लिक्विड लाइनर दोनों सिरों पर अप्लाई करना है।

## रूखे बालों से हैं परेशान तो बदलते मौसम में अपनाएं आसान टिप्स

अगर बदलते मौसम में आपके बाल भी ड्राई हो जाते हैं, तो आप इस आर्टिकल में बताए गए आसान टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। साथ ही, इन टिप्स को आप अपने हेयर केयर रूटीन में भी शामिल कर सकती हैं।
हर महिला चाहती है कि उनके बाल हमेशा सुंदर दिखें, और इसके लिए वह कई तरह के हेयर केयर रूटीन और प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन, मौसम बदलने पर अक्सर बाल रूखे हो जाते हैं। ऐसा हवा में नमी की कमी, धूल-मिट्टी और प्रदूषण की वजह से हो सकता है। अगर आपके बाल भी रूखे और बेजान हो गए हैं, तो इस समस्या से निजात पाने के लिए हम आपको कुछ आसान टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर रूखे बालों की समस्या कम हो सकती हैं और खोई हुई नमी और चमक भी आप वापस पा सकती हैं।



### गुनगुने पानी से धोएं बाल

पानी के तापमान की वजह से भी बालों के रूखे होने की समस्या पैदा हो सकती है। इसलिए, बालों को धोते समय पानी के तापमान का ध्यान रखें। बालों को धोने के लिए आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। साथ ही, बालों को शैम्पू से धोने के बाद आप कंडीशनर का इस्तेमाल जरुर करें। यह बालों को नमी देने का काम करेगा।

### तेल से दो दिन करें बालों की मालिश

बदलते मौसम की वजह से बालों का पोषण खो जाता है और बाल ड्राई होने लगते हैं। इसलिए जरुरी है कि आप बालों की अच्छी तरह से मालिश करें। यह काम आप हफ्ते में 2 दिन करें और इसके लिए आप हल्के गुनगुने नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में स्किन केयर है सबसे संवेदनशील मामला

## स्किन केयर से जुड़ी बहुत सी गलतियां हर दिन करते हैं पुरुष, कहीं आप भी इनमें से एक तो नहीं

मेंस फैशन में जाने अनजाने में बहुत सी गलतियां हो जाती हैं और इसका एहसास भी नहीं होता है कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं और ये भी आप उन्हें कैसे ठीक कर सकते हैं।

### हर काम के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें।

### आपके शेव रूटीन से स्किन में जलन हो सकती है



फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं। इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। अगर आप इसका प्रयोग करेंगे तो आपको तुरंत फर्क नजर आने लगेगा। हाई क्वालिटी शेव क्रीम का उपयोग करने का मतलब है कम रेडनेस और कम से कम त्वचा में जलन और खुजली।
विंग के बाद हमेशा एक नैचुरल आफ़्टरशेव का इस्तेमाल जरूर करें। इसमें अल्कोहल नहीं होना चाहिए। इसलिए सबसे बेस्ट का ही चुनाव करें।

### दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

### सन प्रोटेक्शन फोम का उपयोग न करना

स्किन को ड्राई बनाने के बहुत से कारण हो हैं, लेकिन सूर्य की किरणें इसका सबसे बड़ा कारण है। हमेशा सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल करें। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अपने मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल के बाद इसका प्रयोग करना न भूलें। एसपीएफ 15 या इससे अधिक रेटिंग वाला सनस्क्रीन चुनें।

